आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

नर्मदा जयंती

● वर्ष- 16 अंक 8 ● कटनी ● मंगलवार, 8 फरवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ शुक्ल पक्ष-8 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## बर्फीले तूफान की चपेट में आए सेना के 7 जवान

### अरुणाचल प्रदेश के कामेंग सेक्टर में बड़ा हादसा

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के कामेंग सेक्टर के ऊंचाई वाले इलाके में भारतीय सेना का एक गश्ती दल हिमस्खलन (एवलॉन्च) की चपेट में आ गया। इसमें 7 जवानों के फंसे होने की खबर है। घटना रविवार की है। सेना ने एक बयान में कहा कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से भारी बर्फबारी के साथ खराब मौसम की सूचना मिल रही है। जवानों को सुरक्षित निकालने के लिए सेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है।



रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

#### हिमस्खलन से पहले भी हुए हैं हादसे

भारतीय सेना के अधिकारियों का कहना है कि सर्दियों के महीनों में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में गश्त करना मुश्किल होता है, जिसके चलते पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं और हम अपने कई जवानों को खो चुके हैं। मई 2020 में सिक्किम में हिमस्खलन की चपेट में आने से सेना के दो जवान शहीद हो गए थे।

2019 में हिमस्खलन ने ली 17 जवानों की जान इसके अलावा अक्टूबर 2021 में उत्तराखंड में माउंट त्रिशूल पर एक हिमस्खलन में नौसेना के 5 जवानों की मौत हो गई थी। वहीं केंद्र ने भी संसद में कई बार इस बारे में जानकारी दी है। फरवरी 2020 में केंद्र ने संसद में बताया कि 2019 में सियाचिन ग्लेशियर में हिमस्खलन के कारण सेना के 6 जवानों की मौत हो गई थी, जबकि अन्य जगहों पर इसी तरह की घटनाओं में 11 अन्य मारे गए थे।

## होशंगाबाद आज से नर्मदापुरम

### सीएम शाम को करेंगे नए नाम की घोषणा

नर्मदापुरम। मां नर्मदा के जन्मोत्सव के लिए नर्मदापुरम सजकर तैयार है। मां रेवा के ऐतिहासिक सेठानी घाट सहित शहर के सभी तट रोशनी से जगमगा रहे हैं। नर्मदा तटों को दुल्हन की तरह सजाया गया है, साथ ही शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर भी साज-सज्जा की गई है। प्राचीन नर्मदा मंदिर में मां नर्मदा का आज जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। शाम को जलमंच से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी पत्नी साधना सिंह, मां नर्मदा जी का अभिषेक व पूजन, आरती करेंगे। इसके बाद नर्मदापुरम का नामकरण उत्सव मनाया जाएगा। इससे पहले सोमवार शाम को नर्मदापुरम कमिश्नर माल सिंह, छ्ळ्ल जेएस राजपूत, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, स्क्र डॉ. गुरकरन सिंह सहित जिले के तमाम अधिकारियों ने सर्किट हाउस घाट से सेठानी घाट जलमार्ग पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

### राज्यसभा में बोले, पीएम मोदी

## परिवारवाद डेमोक्रेसी के लिए सबसे बड़ा खतरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण का जवाब दिया।



मोदी के निशाने पर कांग्रेस रही। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिन्होंने देश में इमरजेंसी लगाई, वे लोकतंत्र पर चर्चा कर रहे हैं। इमरजेंसी में लोकतंत्र का गला घोंटा गया।पीएम ने कहा, अगर कांग्रेस न होती, तो देश पर इमरजेंसी का कलंक न लगता। कांग्रेस न होती, तो जातिवाद की खाई न होती। कांग्रेस न होती, तो सिखों का नरसंहार न होता। पीएम मोदी ने परिवारवाद को लेकर भी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा, परिवारवाद लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। जब टेलेंट पर परिवार हावी होता है, तो यह दिखाई देता है। कांग्रेस न होती, तो राजनीति परिवारवाद से मुक्त होती।

#### अगर कांग्रेस न होती तो सिखों का नरसंहार न होता, पंडित कश्मीर में होते

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस नहीं होती तो सिखों का नरसंहार नहीं होता। इसके साथ ही उन्होंने तंज कसते हुए और भी ऐसे कई घटनाओं का जिक्र किया। इस दौरान विपक्ष खासकर कांग्रेस ने जमकर हंगामा किया।

#### पीएम मोदी के भाषण के बीच हंगामा

पीएम मोदी के भाषण पर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस पर राज्यसभा के उपसभापति वेंकैया नायडू ने कहा कि कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। पीएम ने कहा कि लोकतंत्र में सुनाना ही नहीं सुनना भी हिस्सा होता है। उन्होंने कहा कि सालों तक उपदेश दिया है इसलिए सुनने में तकलीफ हो रही है।

## 24 घंटे में 65 हजार नए केस, 1186 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के मामले लगातार घट रहे हैं। सोमवार रात 11.30 बजे तक संक्रमण के 65 हजार 261 नए केस सामने आए हैं। इस दौरान 1 लाख 80 हजार 80 मरीज ठीक हुए और 1186 लोगों की मौत हुई है। देश में 20 जनवरी को 3.47 लाख केस आए थे। इस हिसाब से देखे तो डेली केस में पीक से करीब 81त्न की गिरावट आई है। इसे पहले रविवार को कोरोना संक्रमण के 83 हजार 876 नए केस सामने आए थे। इस दौरान 1 लाख 99 हजार 54 मरीज ठीक हुए थे और 895 लोगों की मौत हुई थी। यानी नए केस में 18 हजार से ज्यादा की गिरावट आई है। 5 जनवरी के बाद पहली बार रविवार को देश में नए केस एक लाख से कम हुए थे। फिलहाल, देश में कुल एक्टिव केस, यानी इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 9.85 लाख है। देश में महामारी की शुरुआत से अब तक कुल 4.23 करोड़ लोग संक्रमण की चपेट में आए हैं।




#### मप्र में कोरोना वायरस संक्रमण के 3,945 नए मामले, दो लोगों की मौत

भोपाल। मध्य प्रदेश में सोमवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 3,945 नए मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों की संख्या बढ़कर 10,09,698 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले 24 घंटों में प्रदेश में दो लोगों की मौत इस बीमारी से हुई है।

## महाभारत के भीम का निधन

**मुंबई।** लता मंगेशकर के निधन के बाद मनोरंजन जगत से एक और बुरी खबर है। महाभारत सीरियल में भीम को रोल निभाने वाले प्रवीण कुमार का 74 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे लंबे समय से बीमारी और आर्थिक तंग से जूझ रहे थे। अपने कद-काठी और मजबूत शरीर के दम पर उन्होंने एक खिलाड़ी के रूप में करियर की शुरुआत की थी। फिर हिंदी फिल्मों का रुख किया। कई फिल्मों में विलेन का रोल किया, लेकिन ख्याति मिली महाभारत से, जिसमें भीम का रोल निभाया था। बहुत कम लोगों को पता है कि Praveen Kumar ने अपने एक्टिंग करियर में अमिताभ बच्चन और जितेंद्र जैसे सुपरस्टार्स के साथ भी काम किया। Praveen Kumar की पहली फिल्म 1981 में बनी रक्षा थी। इसी साल उनकी दूसरी फिल्म मेरी आवाज सुनो भी आई।





## न्यूयॉर्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा से तोड़फोड़, भारतीयों में गुस्सा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ की गई है। इसके बाद भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोगों में नाराजगी है। इस हरकत की न केवल निंदा की जा रही है, बल्कि यह भी कहा है कि यह गांधी और मार्टिन लूथर किंग का अपमान है, दो नेता जिन्होंने नफरत को मिटाने के लिए काम किया। यह घटनाक्रम शनिवार, 5 फरवरी (स्थानीय समयानुसार) का है। न्यूयॉर्क शहर में महात्मा गांधी की एक आदमकद कांस्य प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ की गई। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने भी इसकी आलोचना की और इसे च्घृणितज् कार्य बताया। यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका में गांधी की प्रतिमा को तोड़ा गया है। पिछले कुछ वर्षों में दक्षिण एशियाई समुदायों में कट्टरपंथी इस्लामवादियों और उनके हमदर्द के साथ जुड़े समूहों द्वारा महात्मा गांधी की मूर्तियों को तोड़ दिया गया है।

## कर्नाटक में हिजाब पर मचा बड़ा बवाल

### उडुपी के कॉलेज में हिजाब पहने लड़कियों ने किया प्रदर्शन

### जवाब में भगवा पहनकर आए स्टूडेंस ने की नारेबाजी

बेंगलुरू। कर्नाटक में स्कूल-कॉलेजों में लड़कियों के हिजाब पहनने पर विवाद बढ़ता जा रहा है। उडुपी में मंगलवार सुबह छात्राओं ने हिजाब पहनकर कॉलेज में प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके जवाब में भगवा दुपट्टे पहने छात्र उनके सामने आ गए। दोनों तरफ से जबर्दस्त नारेबाजी हुई। इसके बाद कॉलेज के प्रोफेसर्स ने मामला संभाला। आज इस मामले को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट में भी सुनवाई होनी है। कर्नाटक में हिजाब को लेकर विवाद 1 जनवरी को शुरू हुआ था। यहां उडुपी में 6 मुस्लिम छात्राओं को हिजाब पहनने के कारण कॉलेज में क्लासरूम में बैठने से रोक दिया गया था। कॉलेज मैनेजमेंट ने नई यूनिफॉर्म पॉलिसी को इसकी वजह बताया था। इसके बाद इन लड़कियों ने कर्नाटक हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी।



लड़कियों का तर्क है कि हिजाब पहनने की इजाजत न देना संविधान के अनुच्छेद 14 और 25 के तहत उनके मौलिक अधिकार का हनन है। कर्नाटक के कुंडापुरा कॉलेज की 28 मुस्लिम छात्राओं को हिजाब पहनकर क्लास अटेंड करने से रोका गया था। मामले को लेकर छात्राओं ने हाईकोर्ट में याचिका लगाते हुए कहा था कि इस्लाम में हिजाब अनिवार्य है, इसलिए उन्हें इसकी अनुमति दी जाए। इन छात्राओं ने कॉलेज गेट के सामने बैठकर धरना देना भी शुरू कर दिया था।

## उत्तराखंड हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

### 48 घंटे में पूरी करें कार्रवाई

## कोर्ट ने कहा-16 साल की रेप पीड़िता को 28 हफ्ते का गर्भ गिराने का अधिकार

**देहरादून।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने 16 साल की रेप पी?ता को 28 सप्ताह 5 दिन के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दी है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि दुष्कर्म के आधार पर पीड़िता को गर्भपात का अधिकार है। गर्भ में पल रहे भ्रूण के बजाय दुष्कर्म पीड़िता की जिंदगी ज्यादा मायने रखती है। यह फैसला जस्टिस आलोक कुमार वर्मा की सिंगल बेंच ने सुनाया। कोर्ट ने निर्देश है दिया कि पीड़िता का गर्भपात मेडिकल टर्मिनेशन बोर्ड के मार्गदर्शन और चमोली के छ्रूाह्र की निगरानी में होगा। यह प्रक्रिया 48 घंटे के भीतर होनी चाहिए। इस दौरान यदि पीड़िता के जीवन पर कोई जोखिम आता है तो इसे तुरंत रोक दिया जाए।यह आदेश इसलिए अहम है, क्योंकि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट के तहत सिर्फ 24 हफ्ते की प्रेग्नेंसी को ही नष्ट किया जा सकता है। गढ़वाल की 16 साल रेप पीड़िता ने पिता के जरिए 12 जनवरी को चमोली में ढ्ढक्क्ष्ट की धारा 376 और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 6 के तहत स्नढ्ढक्र दर्ज कराई थी। पीड़िता की सोनोग्राफी के बाद 28 हफ्तों से ज्यादा की प्रेग्नेंसी सामने आई।






## भोज मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति के बंगले में घुसा बाघ

भोपाल। राजधानी भोपाल के व्यस्त कोलार रोड पर स्थित भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति डॉ जयंत सोनवलकर के बंगले के परिसर में एक बाघ भटकते हुए घुस गया। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। सोनवलकर का यह बंगला करीब 25 एकड़ के हरे-भरे क्षेत्र में फैले भोज मुक्त विश्वविद्यालय भोपाल के परिसर में ही स्थित है। इस परिसर से कुछ ही दूरी पर कलियासोत एवं केरवा क्षेत्र हैं, जो बाघों का इलाके हैं। सोनवलकर ने सोमवार की रात फोन पर बताया, च्हां, मेरे यहां लगे सीसीटीवी कैमरे में मेरे बंगले के परिसर में बाघ भटकता हुआ दिखा है। बाघ ने चारदीवारी पर फांद कर मेरे बंगले के परिसर में प्रवेश किया।ज् उन्होंने कहा, च्रविवार तड़के एक से 1.30 बजे के बीच चौकीदार मेरे बेडरूम से सटे गार्डरूम में चले गए। इसी बीच, मुझे अपने बंगले के परिसर में किसी जंगली जानवर के गुर्राने की आवाज सुनाई दी, तो मैंने चौकीदार से पूछा कि यह कैसी आवाज आ रही है।

### अब पूरी दुनिया में प्रतिबंध की तैयारी

## कैंसर की वजह बन रहे जॉनसन एंड जॉनसन के बेबी पाउडर

**लंदन।** छोटे बच्चों और महिलाओं में फार्मा कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन का टेल्क-आधारित बेबी-पाउडर कभी बहुत लोकप्रिय था। लेकिन इससे कैंसर होने की बात सामने आने के बाद अब यह पूरी दुनिया में प्रतिबंधित हो सकता है। ब्रिटेन में कंपनी के शेयरधारकों ने एकजुट होकर इस पाउडर की बिक्त्रसी पर वैश्विक प्रतिबंध का प्रस्ताव बनाया है। उल्लेखनीय है कि इस पाउडर की वजह से महिलाओं को कैंसर होने के 34 हजार मुकदमे जॉनसन एंड जॉनसन पर चल रहे हैं।अमेरिका में इस पाउडर में एस्बेस्टस का एक प्रकार क्रित्रस्सोटाइल फाइबर मिला था, जिसके बाद इससे कैंसर की आशंका जताई गई यह तत्व कैंसरकारी माना जाता है। हजारों महिलाओं ने उसके पाउडर से बच्चेदानी का कैंसर होने के आरोप में मुकदमे किए। इस पर कंपनी ने सेल घटने का बहाना बना 2020 में अमेरिका व कनाडा में बेबी पाउडर बेचना बंद कर दिया। लेकिन आज भी ब्रिटेन सहित दुनिया के बाकी देशों में इसे बेच रही है। अब ब्रिटेन में एक निवेश प्लेटफॉर्म ट्यूलिपशेयर ने कंपनी के शेयरधारकों की ओर से यह बिक्त्रसी रोकने का प्रस्ताव तैयार किया। शेयरधारक अपने शेयरों को साथ में जमा कर प्रस्ताव के लिए जरूरी शेयर संख्या जुटा रहे हैं। अमेरिका की स्टॉक मार्केट नियामक एजेंसी एसईसी को यह प्रस्ताव भेजा गया है। अप्रैल में कंपनी की सालाना बैठक है, जहां यह प्रस्ताव लाने का प्रयास हो रहा है। अमेरिका में मिजौरी की अदालत ने कैंसर से पीड़ित महिलाओं की 22 याचिकाओं में जॉनसन एंड जॉनसन के खिलाफ निर्णय दिया था।



### मुख्यमंत्री ने महिला स्व-सहायता समूहों को दी सौगात

## 300 करोड़ का कर्ज वितरित

**भोपाल।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्व-सहायता समूह के सदस्यों को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तीन सौ करोड़ रुपये के कर्ज का वितरण किया। इसके लिए एक कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे (मिंटो) हाल में आयोजित किया जा रहा है, जहां से मुख्यमंत्री शिवराज इस समय महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों से वर्चुअल संवाद कर रहे हैं।मुख्यमंत्री शिवराज ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल में इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया।इस कार्यक्रम के दौरान सीएम शिवराज ने महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि बचपन से ही मैंने बेटे और बेटियों के बीच भेदभाव होते देखा है। तभी से दिमाग में यह बात बैठ गई कि मां, बहन और बेटी के सशक्तिकरण के लिए हर संभव कार्य करना है!

### अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट केस में बड़ा फैसला

## 49 दोषी, 28 को किया बरी



**गांधीनगर।** गुजरात की एक अदालत ने 2008 के अहमदाबाद सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले में मंगलवार को 77 आरोपियों में से 10 को बरी कर दिया। अदालत ने पिछले साल सितंबर में सुनवाई पूरी की थी। दिसंबर 2009 में शुरू हुए लंबे मुकदमे में 1,100 गवाहों से पूछताछ की गई थी। इस केस में अब तक कुल 49 आरोपियों को दोषी ठहराया गया और 28 को बरी किया गया है। 26 जुलाई 2008, यही वह दिन था जब 70 मिनट के दौरान 21 बम धमाकों ने अहमदाबाद की रूह को हिलाकर रख दिया। शहर भर में हुए इन धमाकों में कम से कम 56 लोगों की जान गई, जबकि 200 लोग घायल हुए थी। धमाकों की जांच-पड़ताल कई साल चली और करीब 80 आरोपियों पर मुकदमा चला।सीनियर पब्लिक प्रोसिक्यूटर सुधीर ब्रह्मभट्ट ने बताया कि मामले की सुनवाई कर रहे स्पेशल जज एआर पटेल कोरोना संक्रमित होकर आइसोलेशन में चले गए थे, जिसके चलते फैसले की तारीख को 1 फरवरी से बढ़ा दिया गया था। अब वे ठीक होकर लौट आए।

#### गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के जवाब में किए गए थे ब्लास्ट

पुलिस ने दावा किया था आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन और बैन किए गए स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया से जुड़े लोगों ने शहर में ब्लास्ट कराए हैं। पुलिस का मानना था कि ढ्ढरूके आतंकियों ने 2002 में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के जवाब में ये धमाके किए। 2009 में ट्रायल तब शुरू हुए जब करीब 35 केसों को मिलाकर एक बड़ा केस बनाया गया।

# हर संस्कारधानीवासी नर्मदा जयंती पर नतमस्तक












जबलपुरयशभारत। जीवनदायिनी पुण्य सलिला मां नर्मदा के प्राकट्योत्सव पर आज समूची संस्कारधानी भक्ति में झूम रही है। हर तरफ माता के जयकारे ,नर्मदे हर के स्वर गूंजाजमान हो रहे हैं। मुख्य तट ग्वारीघाट के साथ ही उमा घाट, सिद्ध घाट, नाव घाट श्री बाबा श्री घाट, जिलहरी घाट सभी जगह आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। श्रद्धालुजन पूजन,अनुष्ठान में जुटे हैं, संत वैदिक पंडित पूजन करा रहे हैं । गली- गली माता के भंडारे लगे हुए हैं, जहां भक्त प्रसाद ग्रहण कर अपने को धन्य कर रहे हैं। माता का प्राकट्योत्सव कार्यक्रम नर्मदा तट ग्वारीघाट, लम्हेटाघाट, भेड़ाघाट, तिलवाराघाट, न्यू भेड़ाघाट, त्रिशूल भेद सहित अन्य तटों पर धूमधाम से मनाया जा रहा है।प्रशासन ने जुलूस, शोभायात्रा और तट व आवागमन मार्ग पर भंडारे के आयोजन पर रोक लगाई है। ग्वारीघाट में सबसे ज्यादा नर्मदा भक्त सूर्य की पहली किरण धरा पर पड़ने से पहले ही पहुंचना शुरू हो गए थे। मुख्य कार्यक्रम उमाघाट में आयोजित किया गया। यहां साधू-संतो की अगुवाई में नर्मदाजी का विधिविधान से पूजन कर महाआरती की गई। आज संस्कारधानी प्रात: से ही भक्ति में लीन रही। नर्मदा तटों पर भी ब्रह्म मुहूर्त से धार्मिक आयोजन शुरू हो गए थे जो देर रात तक चलेंगे। श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में हवन-पूजन, भजन-कीर्तन व भंडारे सहित अन्य धार्मिक आयोजन किए गए । आज ग्वारीघाट सहित सभी मुख्य घाटों पर आस्था और श्रद्धा का सैलाब उमड़ने लगा है। शाम होते-होते अपार जनमेदनी उमड़ेगी । शहर में अनेक प्रतिमाएं मां नर्मदा की स्थापित हैं।

श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए घाटों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं. नर्मदा के सभी घाटों पर बोटिंग और भंडारों पर रोक है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, कोरोना गाइडलाइन का रखा जा रहा है। सुरक्षा के लिए घाटों पर होमगार्ड के साथ एसडीआरएफ तैनात किया गया है। नर्मदा पवित्र क्षेत्र समिति द्वारा ग्वारीघाट में दुग्धाभिषेक एवं पूजन समारोह नर्मदा तीर्थ पुरोहित एवं नर्मदाधाम व्यापारी तथा नाविक संघ द्वारा किया गया। इस मौके पर मुरलीधर दुबे, मनीष दुबे मौजूद रहे। **फोटो- अशोक बर्मन**

## मालगुजार परिसर में भजन, भंडारा भी



नवयुवक मित्र मंडल मालगुजार परिसर अमखेरा की ओर से प्राकट्योत्सव उल्लास से मनाया जा रहा है। माता रानी की भव्य प्रतिमा को विराजमान किया गया एवं सुबह से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया एवं दोपहर को समिति की महिलाओं द्वारा भजन किया गया। इस मोके पर सुरेंद्र सिंह चौहान( गन्नू), धीरज चौहान, नीतिन चौहान, सुरेंद्र कोष्टा, तुषार चौहान, शिवम चौरसिया, अर्जुन गुप्ता, रोहित श्रीवास, सुनील पटेल, राहुल कुशवाहा, गौरव गुप्ता, शिव केशरवानी, प्रिंस सेन, सुरेश कोष्टा, अरुण सेन

## मक्रवाहिनी मंदिर में विशाल भण्डारा कल



माँ नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी मक्रवाहिनी मंदिर समिति द्वारा विशाल भण्डारा का आयोजन 09फरवरी को आयोजित किया जायेगा। समिति ने इस धार्मिक आयोजन में उपस्थिति की अपील की है। तटों को हरा-भरा रखने पौधों का करेंगे वितरण- माँ नर्मदा सेवा संस्थान एवं श्री नर्मदा नित्य आरती मंडल द्वारा माँ नर्मदा को प्रदूषण मुक्त रखने एवं नर्मदा तटों को हरा- भरा रखने हेतु पौधों का वितरण किया जाएगा। सुजीत अवस्थी, विकास मिनोचा ने सहयोग की अपील की है।

## चुनरी से किया मां नर्मदा का श्रृंगार



मां नर्मदा का प्राकट्योत्सव के एक दिन पूर्व सोमवार को सुबह से शाम तक अलग-अलग घाटों पर शिवपुत्री का चुनरी से श्रृंगार किया गया। पूजन अर्चन के साथ ही भोले का भी अभिषेक किया गया। हर तरफ मां नर्मदा के जयकारे लगाते भक्त दिख रहे थे। ग्वारीघाट में 1100 फीट की चुनरी अर्पित ~ मां नर्मदा उमाशंकर चुनरी भक्त समिति द्वारा सोमवार की शाम को उमाघाट ग्वारीघाट में 1100 फीट की चुनरी का अर्पण मां नर्मदा को किया गया। सर्वप्रथम गणेश पूजन, नर्मदा पूजन नर्मदेश्वर भोलेनाथ का रूद्राभिषेक, मां भगवती की चरण पादुका पूजन कर पुष्पों का अर्पण किया गया। महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद गिरी, स्वामी गिरीशानंद महाराज, स्वामी मुक्तानंद महाराज, स्वामी पगलानंद, स्वामी कालीनंद, स्वामी अशोकानंद, महंत चंद्रशेखरनंद, स्वामी रामजी शरण, मयंक महाराज ने चुनरी का पूजन किया। मां नर्मदा का पूजन पंडित रोहित दुबे ने कराया। पूजन के दौरान शरद अग्रवाल, डा. सुधीर अग्रवाल, जय किशन गुप्ता, अमर सिंह ठाकुर, राकेश अहिरवार, सोनू सैनी, प्रमोद नगर, सुरेंद्र खरे, राजेश साहू, समीर पटेल, नितेश पटेल, अतुल विश्वकर्मा, संदीप ठाकुर, मोनू सोनकर आदि उपस्थित रहे।श्री राम मानस महिला मंडल संजीवनी नगर द्वारा मां रेवा को 501 फीट चुनरी अर्पित की गई। मंडल अध्यक्ष संध्या दुबे ने कहा कि हर मनोकामना पूरी करने वाली मां रेवा को चुनरी अर्पित कर देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर मंडल सुमन राय, प्राची सिसोदिया, कल्पना तिवारी, श्वेता दुबे, वंदना दुबे, रमा तिवारी, शशि खरे आदि उपस्थित रहीं।



**108 दीपों से मां नर्मदा का पूजन**

लम्हेटा घाट स्थित परमहंस आश्रम की समीप समाजसेवी दिलीप भारती सपत्नीक मां नर्मदा की 108 दीपों से आराधना कर महाआरती की और कन्या भोज कराया।







### नाबार्ड द्वारा 3 दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण का आयोजन

# एफपीओ की क्षमता को वृद्धि करने में सहायक होगा यह आयोजन

**जबलपुर।** नाबार्ड द्वारा 3 दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण का आयोजन शास्त्री भवन अधारताल में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में आईएसईडी भोपाल द्वारा एसओ एफपीओ के डायरेक्टर एवं सीईओ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। नाबार्ड डीडीएम अपूर्व गुप्ता ने बताया कि यह प्रशिक्षण एफपीओ की क्षमता को वृद्धि करने में सहायक होगा प्रशिक्षकों द्वारा एफपीओ संचालन की बारीकी से अवगत कराया। प्रशिक्षण में डा. रश्मि शुक्ला ने कृषि विज्ञान केंद्र की योजना की जानकारी दी। इस प्रशिक्षण में जबलपुर, मंडला, डिंडौरी, रीवा, बालाघाट, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, कटनी के प्रशिक्षार्थी सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण में कृषि विशेषज्ञों ने अपनी विभागों की योजनाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण में आईएसईडी के दिलीप ओखदे एवं जबलपुर जिले के समन्वयक हरिशंकर तिवारी का सराहनीय योगदान रहा।

## हजरत ख्वाजा गरीब नवाज़ अजमेरी के उर्स की छठी शरीफ आज

जबलपुर। हिंदुस्तान मे चिश्तिया संप्रदाय के प्रमुख सूफ़ी संत हज़रत ख़्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती गरीब नवाज़ अजमेरी के उर्स की छठी शरीफ मंगलवार को मनाई जा रही है । इस मौके पर अकीदतमंद ख़्वाजा की बारगाह में नजरों न्याज़ पेश कर नजराना ए अक़ीदत पेश करेंगे मुस्लिम बहुल क्षेत्रों की दरगाहों में भी गरीब नवाज़ की याद मे कुल शरीफ पर नजरो न्याज़ पेश की जाएगी । अनेक



मुझिलम धर्मावलंबी बजमेर शरीफ गए हैं जहां चादर चढ़ाई जाएगी। इनमें गरीब नवाज कमेटी के अध्यक्ष सैय्यद इनायत अली शहबाज,मो नदीममाजिद दूध वाला,मो. शमशेर,मो. अयाज,मो.शोएब.मो हाशिमङ दीपक निगम भी अजमेर पहुंचे। मुफ़्ती ए आज़म मध्य प्रदेश हज़रत मौलाना मोहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी एवं नायबे मुफ़्ती ए आज़म हज़रत मौलाना मोहम्मद मुशाहिद रज़ा क़ादरी ने मुसलमानों से अपने घरों मे ख़्वाजा साहब की बारगाह मे छठी शरीफ के मुबारक मौके पर नजरो न्याज़ पेश करने की अपील की है । इज्तिमाई तौर पर भी गरीब नवाज़ की याद मे नजरो न्याज़ व लंगर का एहतमाम करने की अपील की गई है।



## माँ नर्मदा वानप्रस्थ आश्रम में इन्डकसन प्लेट व चटाईयाँ भेंट की

जबलपुर। महिला पतंजलि योग समिति ने माँ नर्मदा वानप्रस्थ आश्रम में इन्डकसन प्लेट व चटाईयाँ भेंट की । आश्रम की संचालिका आराधना चौहान द्वारा बताया गया कि किस प्रकार उन्हें इस आश्रम को चालू करने की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर महिला पतंजलि योग समिति की कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती सुभावती मौर्य जिला प्रभारी श्रीमती राजुल बड़कुल व कान्यकुब्ज सभा भवन योग समिति के साधक साधक गण रेखा खरे शारदा बासल मोहिनी मूरजानी गीता चौरसिया निहारिका शुक्ला संगीता व्यवहार किशोरी सोनी सविता नायडू मीना आनंद नीलम मलिक वैशाली तेजवानी उपस्थित रही।आश्रम के सदस्यों के समिति की महिलाओं ने लगभग 2 घंटे का समय व्यतीत किया चर्चाएं की । आश्रम में रह रही सभी महिलाएं प्रसन्न व संतुष्ट हैं। पतंजलि समूह की सभी महिलाओं ने सामूहिक भजन के साथ आश्रम वासियों को भाव विभोर कर दिया।







































# अचानक गोलबाजार पहुँचे कलेक्टर

**निर्माणाधीन स्मार्ट रोड का किया निरीक्षण.**

**जबलपुर** – कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी ने आज सुबह अचानक गोलबाजार पहुँचकर यहाँ स्मार्ट सिटी से चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुये स?क निर्माण के कार्य में गति लाने के निर्देश दिये । कलेक्टर ने गोलबाजार क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा भी लिया तथा इस ओर अधिक ध्यान देने की हिदायत नगर निगम के अधिकारियों को दी । इसके पहले कलेक्टर ने गोहलपुर क्षेत्र का भ्रमण भी किया और यहाँ सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिये । बाद में उन्होंने ग्वारीघाट पहुँचकर नर्मदा जयंती के मद्देनजर यहाँ की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया । इस दौरान कलेक्टर के साथ नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ एवं सीईओ स्मार्ट सिटी निधि सिंह राजपूत तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# बारातघर से चोरों ने उड़ा दी एक्टिवा

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर के दमोहनाका स्थित एमजीजी बरात घर की पार्किंग से एक एक्टिवा चोरी हो गयी। जिसके बाद पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस अब सीसीटीव्ही फुटेज तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि शुभम पिता विनोद जैसवाल निवासी गौरिया प्लाट मदनमहल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह शादी समारोह में गया हुआ था। जहां दरमियानी रात उसने अपनी एक्टिवा एमपी 20 एसके 0685 को पार्किंग में लगाया और जब वापस आया तो वाहन गायब था। यहां-वहां पार्किंग वालों से पता किया, लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया। पुलिस अब मौके पर लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है।

## ठेकेदारों ने सरकार की बोली से बढ़ाकर खरीदी दुकानें

# जबलपुर में 21 शराब दुकानें बिकी

**जबलपुर, यशभारत। एक अप्रैल से लागू होने जा रही नई शराब नीति के लिए शहर की 145 शराब दुकानों को ठेके पर देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।**



इन दुकानों को चलाने के लिए इस बार आबकारी विभाग ने 45 ग्रुप बनाए हैं, जिसमें से 21 ग्रुप ने दुकानें खरीद ली हैं। जबलपुर में 21 शराब दुकानों को ठेकेदार मिल गए हैं। ठेकेदारों ने सरकार द्वारा तय किए गए रेट से बढ़कर बोली लगाकर दुकानें अपने नाम करा ली है। 21 दुकानों के लिए शासन के निदेज़्श पर आबकारी विभाग ने दो सौ तिरेपन करोड़ रिजवज़् प्राइज रखा था जिसके तहत ठेकेदारों ने बढ़कर बोली लगाते हुए तीन सौ तेरह करोड़ में दुकानें खरीदी।

जानकारी के अनुसार जबलपुर जिले के 45 मदिरा समूहों के रिजर्व प्राईज सात सौ तेरह करोड़ के लिए टेंडर आमंत्रित किये गए थे । जिसमें 21 मदिरा समूहों के लिए दो सौ तिरेपन करोड़ रिजवज़् प्राईज के लिए टेंडर प्राप्त हुए, जिनका निष्पादन तीन सौ तेरह करोड़ में निष्पादन किया गया।

### दो ग्रुप हटाए, 45 बनाए

आबकारी विभाग ने नई शराब नीति के तहत इस बार टेंडर किए हैं। जिसमें शहर की सभी दुकानों को दो ग्रुप से हटाकर 45 ग्रुप में बांटा है। एक ग्रुप में दो से तीन दुकानों को शामिल किया गया है। दरअसल विभाग की माने तो यह कदम शहर के शराब के दो बड़े ठेकेदारों के एकछत्र राज को खत्म करने उठाया गया है। टेंडर प्रक्रिया के पहले चरण में 91 दुकानों को चलाने के लिए टेंडर आए। अभी 24 ग्रुप की शेष 54 दुकानों के लिए टेंडर होना बाकी है।

### 20 फीसदी सस्ती होगी शराब

नई शराब नीति के तहत इस बार देशी और विदेशी शराब एक ही दुकान में बेची जाएगी । वही इस बार शराब के दामों में 20 फीसदी तक की कमी की गई है। 1 अप्रैल से शराब के नए दाम जारी किए जाएंगे जिसमें यह कमी की जाएगी । विभाग ने इसको लेकर अपनी सभी तैयारियों को लगभग पूरा कर लिया है।

# पमरे ने रेलवे कॉलोनियों की सुविधाओं का विस्तार

**तीन वर्षों में 146 नये रेल आवासों का निर्माण और कई आवासों का कार्य निर्माणाधीन**

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल ने रेल कर्मचारियों को नयी-नयी बेहतर सुविधायें प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। जिसके अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल द्वारा रेलवे कॉलोनियों का नवीनीकरण करके उनको अधिक से अधिक सुविधाजनक बनाया गया है। पमरे द्वारा स्टॉफ वेलफेयर इन्फास्ट्रक्चर के अंतर्गत रेल कर्मचारियों को नये रेल आवास का निर्माण कर सर्व सुविधायुक्त के साथ बेहतर बनाया गया है। कोविड-19 की कठिन चुनौतियों के बावजूद पमरे ने तीनों मण्डलों पर तीन वर्षों में 2019 से 2022 तक रेलवे के नये आवासों में टाईप-II एवं टाईप-III ?वाटर्स के साथ कुल 146 नये आवासों का निर्माण किया गया और इसके साथ ही कई आवासों का कार्य निर्माणाधीन है। जिसके अंतर्गत जबलपुर मण्डल ने पिछले तीन वर्षों में 46 नये क्वाटर्स का निर्माण किया गया। भोपाल मण्डल ने पिछले तीन वर्षों में 75 नये क्वाटर्स का निर्माण किया गया है। कोटा मण्डल ने भी पिछले तीन वर्षों में 25 नये क्वाटर्स का निर्माण किया गया है और इसके साथ ही 69 नये क्वाटर्स का निर्माण तीव्र गति से किया जा रहा है।



### जबलपुर मण्डल ने 11 स्टेशनों निर्माण किया

जबलपुर मण्डल द्वारा रेलवे कर्मचारियों को वर्ष 2019-20 में हरदुआ स्टेशन पर 03 नये रेलवे क्वाटर्स टाईप-II , टिकरिया स्टेशन पर 06 नये रेलवे क्वाटर्स टाईप-II , भदनपुर स्टेशन पर 02 नये रेलवे क्वाटर्स टाईप-III एवं अमदरा स्टेशन पर 02 नये रेलवे क्वाटर्स टाईप-III का निर्माण किया गया है। वर्ष 2020-21 में मझगवां स्टेशन पर 03 नये रेलवे क्वाटर्स टाईप-II , कंचनपुर रोड स्टेशन पर 06 नये रेलवे क्वाटर्स टाईप-II , अधारताल स्टेशन पर 08 नये रेलवे क्वाटर्स टाईप-II , मझगवां स्टेशन पर 02 नये रेलवे क्वाटर्स टाईप-III , सिहोरा रोड स्टेशन पर 02 नये रेलवे क्वाटर्स टाईप-III का निर्माण किया गया है। वर्ष 2021-22 में रीठी स्टेशन पर 02 नये रेलवे क्वाटर्स टाईप-ढ्ढढ्ढ एवं जबलपुर स्टेशन पर 10 नये रेलवे क्वाटर्स टाईप-II का निर्माण किया गया है। इसी तरह से भोपाल मण्डल 14 रेलवे क्वार्टरों का निर्माण किया गया एवंकोटा मण्डल 16 स्टेशनों रेलवे क्वार्टर निर्माणाधीन है/ पमरे द्वारा रेल कर्मचारियों को नये रेलवे क्वाटर्स को रेलवे बंगलो का अनुभव कराने के लिए टाईप-IIएवं टाईप-III आवासों में एक हॉल, दो बेडरूम के साथ किचन भी सर्व सुविधायुक्त बनाया गया है। पमरे द्वारा रेल आवासीय परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री वाल का भी निर्माण कार्य किया गया।

# सूने मकान का टूटा ताला

**45 हजार के सोने- चाँदी के गहने ले उड़े चोर**

**जबलपुर, यशभारत।** ओमती के भरतीपुर में सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने सोने-चाँदी के कीमती गहनों पर हाथ साफ कर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित जब घर पहुंची तो टूटा हुआ ताला देखकर दंग रह गयी। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का लॉक टूटा हुआ था, जिसमें रखे गहने गायब थे। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि राधा बाई मतेल उम्र 50 वर्ष पति गनेश मतेल ने पुलिस को बताया कि वह भतरीपुर की निवासी है। दरमियानी रात जब वह बाहर गयी थी, तब चोरों ने उसके मेन गेट का ताला तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुए और अलमारी में रखे हुए जेवरात कीमत कुल पैतालीस हजार लेकर फरार हो गए। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर, आसपास लगे सीसीटीव्ही खंगाल रही है और क्षेत्र के पुराने बदमाश और पूर्व में पकड़े गए चोरों से पूछताछ कर रही है।

### पत्नी और परिजनों से की मारपीट

जबलपुर, यशभारत। माढ़ोताल के कठौंदा में एक युवक ने शराब पीकर ऐसा हुड़दंग मचाया कि पूरा मोहल्ला आतंकित हो गया, इतना ही नहीं परिजनों के समझाने के बाद भी जब युवक नहीं सम्हला तो मजबूरन परिजनों ने सोमवार की दरमियानी रात डायल-100 को फोन कर बुलाया। जिसके बाद पुलिस ने युवक को काबू में किया। जानकारी अनुसार पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि भूरा बर्मन पिता कमल बर्मन निवासी कठौंदा उम्र 42 वर्ष के खिलाफ सूचना मिली थी, शराबखोरी कर दबंग मोहल्ले वालों और परिजनों को प्रताड़ित कर रहा है। यहां तक की आरोपी ने पत्नी से भी जमकर मारपीट की है।

# डॉ अश्वनी कुमार त्रिवेदी भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक



**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ अभिजीत देशमुख ने नगर के वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अश्वनी कुमार त्रिवेदी को प्रदेश के सहसंयोजक मनोनीत किया है आपकी नियुक्ति भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद पंडित विष्णु दत्त शर्मा , प्रदेश संगठन महामंत्री सुभाष भगत की सहमति से हुआ । डॉ अश्वनी कुमार त्रिवेदी जी को प्रदेश सहसंयोजक पद पर दिए गए राष्ट्रीय स्तर को देखते हुए उन्हें महाकांशल प्रभारी बनाया गया है । मालूम हो गया कि महाकोशल से डॉ अश्वनी कुमार त्रिवेदी ऐसे पदाधिकारी हैं जिन्हें अकेले दायित्व सौंपा गया है । नव मनोनीत भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक डॉ अश्वनी कुमार त्रिवेदी को प्रदेश सरकार के मंत्री तुलसी सिलावट नगर भाजपा नगर अध्यक्ष जी एस ठाकुर ,विधायक सुशील तिवारी इंदू प्रदेश मंत्री आशीष दुबे , विधायक अशोक रोहाणी पूर्व महापौर प्रभात साहू जी एवं नगर भाजपा उपाध्यक्ष जय सचदेवा प्रभात साहू भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के वरिष्ठ सदस्य डॉ विवेक जैन, डॉशुभम अवस्थी, डॉ प्रियंक दुबे, डॉ अभिनव श्रीवास्तव डॉ ऋषि उपाध्याय डॉ सुमित वर्मा ,डॉ विभोर हजारी ग्रामीण उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला डॉ नितिन दुबे आदि ने शुभकामनाएं दी है।

# पति बना हैवान गर्भवती पत्नी का सिर फर्श पर पटका



**जमकर मारपीट कर घर से निकाला, रोते हुए थाने पहुंची पीड़िता**

**जबलपुर, यशभारत।** सिहोरा के पौड़ा में गर्भवती पत्नी से जमकर मारपीट करते हुए सिर को फर्स पर पटक दिया, जिससे वह घायल हो गयी। इतना ही नहीं पति ने घर से निकाल दिया और अब जान से मारने की धमकी दे रहा है। रोते हुए थाने पहुंच पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार श्रीमती नेहा चौधरी उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम पौड़ा सिहोरा ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी ग्राम पौड़ा निवासी हेमलाल के छोटे बेटे कंधीलाल से हिन्दू रीति रिवाज से हुयी थी । पति कंधीलाल छोटी छोटी बातों के लेकर गाली गलोज कर मारपीट करने लगा उसे एवं उसके बच्चे के लिये खर्चे के लिये रूपये भी नहीं दे रहा था। यहां तक की पीड़िता को कई बार घर से भगा चुका है। समाज के लोगों के समझाने के बाद उसे ससुराल ले जाता था। और कुछ दिनों बाद मारपीट कर फिर से भगा देता है । विगत दिन वह छत में खाना बना रही थी । छत में अंधेरा था बच्चा अंधेरे में परेशान कर रहा था उसने पति से कहा कि नीचे कमरे में चलकर खाना खा लीजिये। इसी बात पर से पति गाली गलौज करते हुये मारपीट करने लगा, सिर पकड़कर फर्स में मार दिया, जबकि वह वर्तमान में गर्भवती है , उसेक साथ मारपीट कर पति उसे घर से भगाते हुये जान से मारने की धमकी देने लगा । उसने फोन पर अपने मायके में सूचना दी उसके माता पिता उसे इलाज कराने सिहोरा अस्पताल लेकर गए। तब कहीं जाकर उसकी जान बची।

**पुरानी रंजिश को लेकर दिया वारदात को अंजाम**

# सिर पर दे मारा लोहे का पाइप

**जबलपुर, यशभारत।** थाना गोसलपुर में पुरानी रंजिश को लेकर एक दबंग ने अपने साथी के साथ मिलकर युवक के सिर में लोहे के पाइप से हमला कर लहूलुहान कर दिया। जिसके बाद पीड़ित वहीं बेहोश हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया । वहीं आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि राजू राय 31 वर्ष निवासी बरनू तिराहा ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले में रहने वाला पंकज काछी उसके घर आया और पकड़कर गाली गलौज करने लगा। उसने गालियां देने से मना किया तो अपने एक साथी के साथ मिलकर उसे पकड़ लिया और लोहे के पाईप से हमलाकर सिर में गंभीर चोट पहुंचा दी। जिसके बाद वह बेहोश हो गया। उसकी पत्नी एवं अन्य लोगों ने बीच बचाव किया तो पंकज अपने साथी के साथ जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।

# शराब पार्टी कर दोस्तों ने ही घोंप दिया सिर में चाकू

**एक आरोपी को पुलिस ने दबोचा, एक फरार**

**जबलपुर, यशभारत।** पनागर के गल्ला मंडी में तीन दोस्तों ने जमकर शराब पार्टी की और फिर आपस में ऐसे उलझे की दो दोस्तों ने मिलकर अपने दोस्त के सिर और हाथ पर चाकू घोंप दिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित वहीं जख्मी हालत में पड़ा रहा। जिसके बाद आसपास के लोगों ने जैसे-तैसे पीड़ित को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसका इलाज जारी है। वहीं, मामला दर्ज होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर, एक आरोपी को दबोच लिया। वहीं दूसरा आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस सरगर्मी से उसकी तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार पनागर थाना प्रभारी आके सोनी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि लालू उपाध्याय अपने दोस्त धमेन्द्र गड़ारी और वासू केशरवानी के साथ गल्ला मंडी में शराब पार्टी कर रहा था। इसी बीच तीनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया और शराब के नशे में धुत्त धमेन्द्र गड़ारी ने वासू के साथ मिलकर लालू के सिर में चाकू घोंप दिया और हाथ में भी चोट पहुंचा दी। पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे की तलाश जारी है।

# दबंगों ने महिला के घर का ताला तोड़कर किया कब्जा

**फेंक दिया गृहस्थी का सामान, एफआईआर दर्ज**

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी के न्यू शोभापुर में वर्षों से चल रहे पारिवारिक विवाद के चलते दबंगों ने महिला के घर का ताला तोड़कर गृहस्थी का सारा सामान फेंक दिया और मकान पर कब्जा कर लिया। जिसके बाद पीड़िता ने 6 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। रांझी थाना प्रभारी विजय परस्ते ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि अलका गुप्ता 43 वर्ष पति ऋषि गुप्ता न्यू शोभापुर रेलवे क्रॉसिंग के पास की निवासी है। दरमियानी रात परिवार के ही सगे संबंधी सुमित गुप्ता, अशोक गुप्ता, अमित गुप्ता , केशव गुप्ता, ऊषा गुप्ता आदि ने महिला के घर में दावा ठोकते हुए मेन गेट में लगा हुआ ताला तोड़ दिया और घर के अंदर रखा हुआ सामान अलग करते हुए अपना सामान रखकर, अपना ताला लगा दिया। जब पीड़िता ने उसका विरोध किया तो दबंगां ने जमकर गालीगलौच कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।



# रक्तदान, महादान

**वैश्य महासम्मेलन ने स्व. नारायण प्रसाद की स्मृति में आयोजित किया शिविर**

**जबलपुर, यशभारत।** वैश्य समाज के पुरोधा स्व. नारायण प्रसाद जी गुप्ता उर्फ नाना जी की स्मृति में आज 8 फरवरी को वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश युवा इकाई के द्वारा समूचे प्रदेश में आज संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर जबलपुर स्थित वैश्य समाज के लोगों द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में समाजसहित शहरवासियों ने पहुंचकर अपना रक्तदान दिया।

वैश्य महासम्मेलन अध्यक्ष अनुराग जैन रिन्कू ने जानकारी देते हुए बताया कि स्मार्ट सिटी के पास राइट टाउन में आयोजित रक्तदान शिविर में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है। अभी तक करीब 15 लोगों ने रक्त का दान किया है। इस अवसर पर अभिषेक शुक्ला, ज्योति जैन, प्रदेश महासम्मेलन महामंत्री आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### भक्तिधाम ग्वारीघाट में रक्तदान शिविर

माँ नर्मदा जयंती के पावन अवसर भक्तिधाम कर्तव्य सामाजिक परिषद ट्रस्ट, नेशनल मीडिया फाउंडेशन, मध्य प्रदेश एवं माँ नर्मदा रक्तदान ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से शुरू हुआ जो सायं 4 बजे तक चलेगा। भक्तिधाम परिसर, आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के पास जिलहरी घाट रेलवे स्टेशन के आगे ग्वारीघाट, जबलपुर मे किया गया है। स्वामी अशोकानंद महाराज ने संस्कारधानी के धर्मावलंबियों से इस पुनीत अवसर पर रक्तदान करने की अपील की है।

# भारत का इतिहास, कांग्रेस की उपलब्धि एवं भाजपा की नाकामी के सत्य को घर-घर पहुंचाने कांग्रेस तैयार



**शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने आयोजित की जन जागरण अभियान पर कार्यशाला**

**जबलपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जन जागरण अभियान का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मंचासीन सभी अतिथियों के द्वारा वंदे मातरम का गान किया गया। इस मौके पर स्वर कोकिला लता मंगेशकर जी को मौन श्रद्धांजलि दी गई। शिविर में बिना स्वागत - सत्कार के प्रशिक्षण शिविर विधिवत रूप से प्रारम्भ किया गया। स्वरों की गायिका लता दीदी के निधन के मद्देनजर फूल माला के स्वागत बेला को निरस्त कर दिया गया था। भोपाल से आने वाले पी. सी. शर्मा, श्री मति विभा पटेल, मृणाल पंत, पूर्व एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता, विचार विभाग अध्यक्ष अवनीश भार्गव, प्रशिक्षण प्रभारी पूर्व विधायक सुनील जैन, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू , जिला ग्रामीण कमेटी अध्यक्ष राधेश्याम चौबे एवं विधायकों में तरुण भनोत, लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना, संजय यादव विराजमान हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र के पहले नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह च्वअन्नूज्ज ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि चुनिंदा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जिला स्तर पर प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महापुरुषों का इतिहास एवं देश के इतिहास से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना चाहती है। विरोधी दलों के फैलाए जा रहे झूठ के चक्रव्यू को भेदने के लिए कांग्रेस पार्टी तैयार हो रही है अब हमारा कार्यकर्ता जनता के बीच जन जागरण कर महापुरुषों का इतिहास के सत्य को घर-घर पहुंचाएगा। साथ ही कांग्रेस की उपलब्धियों एवं भाजपा की मध्य प्रदेश नाकामी के सत्य को घर-घर पहुंचाने कांग्रेस तैयार है। जन जागरण प्रशिक्षण प्रभारी पी.सी. शर्मा ने कमलनाथ सरकार की 15 माह की उपलब्धि बताते हुए कहा की शिवराज सरकार के कार्यकाल मैं बिजली के बिलों का करंट प्रतिदिन आम जनता को लग रहा है आम ग्रहणी के घरेलू व्यवस्था का बजट गड़बड़ा गया है। चाहे हम बात करें रसोई गैस की खाद्य सामग्रियों की या पेट्रोल डीजल की सभी के दाम आसमान पर हैं प्रदेश का युवा बेरोजगार है रोजगार के अवसर दूर दूर तक दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। विचार विभाग के अध्यक्ष श्री भूपेंद्र गुप्ता ने कहा कि देश के हालात चिंताजनक हैं झूठ - झूठ और झूठ का चारों ओर बोलबाला है। आजादी के संघर्ष से लेकर नए भारत के निर्माण तक कांग्रेस के नेताओं के समर्पण और बलिदान को नकारा नहीं जा सकता है कांग्रेस ने निर्माण को प्राथमिकता दी जबकि भाजपा ने देश के भाईचारे में जहर घोलने का काम किया।प्रशिक्षण शिविर में पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक तरुण भनोत ने 15 माह की कमलनाथ सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि जबलपुर में कैबिनेट बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें जबलपुर के विकास के द्वार खुले एवं 3000 करोड़ रुपये स्वीकृत कर योजनाओं का बजट में प्रावधान किया गया। वृद्धा - विधवा और विकलांग पेंशन 300 रुपये से ब?कर 600 रुपये कर दी गयी। जिसे भविष्य में 1000 किया जाना था। पुलिसकर्मियों को




पुलिस कर्मियों को साप्ताहिक अवकाश दिया गया। अभियान चलाकर शुद्ध के लिए युद्ध अभियान चलाकर मिलावटखोरों के खिलाफ मुहिम चलाई गई थी ।शिविर में पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि अब समय आ गया है जब कांग्रेस कार्यकर्ता मुखर होकर भाजपा की नाकामियों और उनके झूठ के प्रचार को खत्म करने आम जनता तक पहुंचने का काम करें । करोना काल में लोगों को ऑक्सीजन गैस सिलेंडर से लेकर प्राइवेट अस्पतालों द्वारा की गई लूट जैसी बुरी समस्याओं को याद दिलाने का काम करना है ।मंहगाई बेरोजगारी के कारण जनता भाजपा से नाराज है इन्हीं सब बातों और कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास जिसमें गांधी परिवार के तीन सदस्यों के देश हित में की जाने वाले बलिदानों की बातों को भी आक्रामक तरीके से बताने का समय आ गया है ।शिविर में विधायक विनय सक्सेना ने कहा कि भाजपा के झूठ का हम सभी को डटकर मुकाबला करना है इन्हें बताना है कि पिछले 70 सालों में कांग्रेस सरकार के विकास कार्यों की बदौलत थी सूचना तकनीकी में क्रांति आई है और जिस सोशल मीडिया का उपयोग सबसे ज्यादा भाजपा कर रही है। वह कांग्रेस की ही देन है देश के लिए कांग्रेश ने बलिदान दिया है। भाजपा ने झूठ के सहारे की सत्ता पाई है कांग्रेस को इतिहास की बातों को जन-जन तक पहुंचाना है ।शिविर में बरगी विधायक संजय यादव ने कहा कि आज के समय केवल गरीबों को पंचायती राज के माध्यम से रोजगार मिल रहा है भाजपा न केवल लोगों को छलने का काम किया है वही कांग्रेस ने जो कहा है वह किया है। प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम में सुनील जैन, राधेश्याम चौबे, कौसल्या गोंटिया, बाबू विश्वमोहन, सतीश तिवारी, झल्ले लाल जैन, रेखा जैन, जितिन राज, बलवंत सिंह गुर्जर, जगतमणि चतुर्वेदी, राजेंद्र पिल्ले, शेखर सोनी, शिव कुमार चौबे, दिनेश तमसेवार, कपिल श्रीवास्तव, रीता शेखर चौबे, संजय अहिरवार, प्रमोद पटेल, देवीदयाल चड्ढा, एड. बृजेश दुबे, पंकज पटेल, महेश कोरी,अमीन कुरेशी, कमलजीत सिंह, रीतेश गुप्ता, शोभा उपाध्याय ,आदि उपस्थित रहे।

### आम सूचना

मैं अखिलेश पटेल उम्र 58 वर्ष पिता सीताराम पटेल यह घोषणा करता हूं कि मेरे वाहन क्र MP 20 WA 9993 के महिन्द्रा फाइनेंस के जबलपुर शाखा की लोन खाता क्रमांक 31082018 की बैंक NOC मुझसे कहीं खो गयी है जो कि आज दिनांक तक अप्राप्त है। डुप्लीकेट NOC जारी करवाने हेतु मैंने शपथ पत्र प्रस्तुत किया है।

पता:
ग्राम पंचायत


# एम्स को स्वास्थ्य मंत्रालय की सहमति का इंतजार

## भीड़ देखकर बैठक में तय किया था 50 रुपये तक की जांचें निशुल्क का निर्णय

**भोपाल।** राजधानी में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में 50 रुपये से कम दरों वाली सभी जांचें निश्शुल्क करने की बात निरीक्षण के दौरान एम्स के प्रेसीडेंट डा. वायके गुप्ता ने कही थी, लेकिन इसे लागू करने में एक के बाद एक अड़चन आ रही हैं। पहले यह बात आई कि एम्स की स्थायी वित्त समिति की बैठक में सहमति बनने के बाद इसे लागू किया जा सकता है। दो फरवरी को वित्त समिति की बैठक भी हो गई, लेकिन इसे मंजूरी नहीं मिल पाई। बैठक में तय किया गया है कि जांच शुल्क माफ करने का निर्णय केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से होगा। जांच शुल्क का निर्धारण भी सभी एम्स के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ही किया था। ऐसे में सिर्फ एम्स भोपाल में जांच शुल्क माफ करने का निर्णय नहीं हो सकता। इस प्रस्ताव को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को भेजा जाना चाहिए। ऐसे में अब सहमति बनी तो देश के सभी एम्स में 50 रुपये तक की जांचें निश्शुल्क की जा सकती हैं।

### कतार देखने के बाद जांचें निश्शुल्क करने को कहा था

एम्स भोपाल के प्रेसीडेंट डा. वायके गुप्ता पिछले साल अक्टूबर में एम्स का दौरा कर रहे थे। अस्पताल में उन्होंने जांच शुल्क का भुगतान करने के लिए लंबी कतार देखी। कतार में लगे लोगों से उन्होंने जानकारी ली तो सामने आया कि आधे से ज्यादा



मरीज ऐसे थे, जिनकी सभी जांचों का शुल्क 50 रुपये से कम था। उसी दिन उन्होंने एम्स के अधिकारियों को 50 रुपये की जांचें निश्शुल्क करने को कहा था, जिससे लोगों को कतार नहीं लगानी पड़े। बता दें कि एम्स में ओपीडी की जांचों के भुगतान के लिए सिर्फ एक ही काउंटर है। इसमें 20 से 30 लोगों की कतार रहती है।

**आधे से एक घंटे तक भुगतान करने में लग जाते हैं। एम्स में हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रूपिंग, यूरिन की रूटीन जांचें समेत कई तरह की सामान्य जांचों का शुल्क 50 रुपये से कम है।**

**– डा. नितिन एम नागरकर, निदेशक, एम्स भोपाल**



# टावर लगाने का विरोध

### आयुक्त नगर निगम को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।** राजधानी में हर चौक-चौराहे और प्रमुख सड़कों के आसपास बनी कालोनियों में मोबाइल टावर लगाए जाने का काम बड़ी तेजी से किया जा रहा है। इसके लिए करोड़ों की जमीन बिना लीज पर और किराए पर लिए टेलीकाम कंपनियों को दी जा रही है। गुपचुप तरीके से लगाए जा रहे इन टावरों के खिलाफ रहवासी जमकर विरोध भी कर रहे है लेकिन प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। इधर, सोनागिरी में शनिवार को टावर लगाने को लेकर जमकर विरोध किया गया। इसके चलते पुलिस की उपस्थिति में टावर लगाने का काम किया जा रहा है। सोनागिरी निवासी महेश श्रीवास्तव ने बताया कि रात को अचानक यहां पर टावर कंपनियों के लोगों ने खुदाई शुरू कर दी। इसका विरोध करते हुए कलेक्टर भोपाल और एसडीएम गोविंदपुरा को भी शिकायत की गई लेकिन कोई उचित सुनवाई नहीं हो पाई है। इधर, आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप खंडेलवाल ने बताया कि सोमवार को मामले की जांच कराने के साथ जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं सात दिनों में अगर कार्रवाई नहीं हुई तो निगम मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि टावर लगाने की अनुमति दी है तो निगम को बताना होगा कि जिन जगहों पर टावर लगाए गए उसके एवज में क्या किराया वसूल किया जाएगा। जमीन का लीज रेंट क्या होगा ।टॉवर की वजह से कोई परेशानी हुई तो निगम की प्लानिंग क्या है ।लेकिन इसका जवाब निगम के पास नहीं है ।क्योंकि बिना प्लानिंगधड़ाधड़ टावरलगवाएगए हैं।

# नहीं मिला तेंदुआ

### रात भर की गश्त और निगरानी, पर भोज विश्वविद्यालय परिसर में नहीं मिला तेंदुआ



**भोपाल।** राजधानी के कोलार रोड स्थित भोज विश्वविद्यालय परिसर में घुसा तेंदुआ सोमवार दोपहर तक नहीं मिला है। उसे रविवार सुबह से ही खोजा जा रहा है। वन अमले व भोज विश्वविद्यालय प्रबंधन के चौकीदारों ने रविवार शाम से लेकर सोमवार सुबह तक पूरी रात गश्त की है लेकिन तेंदुआ कहीं नहीं दिखा। परिसर में ट्रैप कैमरे भी लगाए गए थे उनमें भी उसका मूवमेंट कैद नहीं हुआ है। शाम तक गश्त जारी रहेगी। यदि कोई मूवमेंट नहीं मिलता है तो ट्रैप कैमरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। जरूरत पड़ी तो पिंजरे भी लगाए जा सकते हैं। इधर तेंदुए के मूवमेंट की खबर भोज विश्वविद्यालय के सभी विभागों को हैं। छात्रों को भी पता चल गया है इसलिए सोमवार सुबह से ही परिसर में दहशत का माहौल है। कई छात्र विश्वविद्यालय नहीं पहुंचे हैं। कर्मचारी भी डरे—सहमे हैं। सीसीटीवी कैमरों में भी उसका मूवमेंट कैद नहीं हुआ है। कुलपति निवास के आसपास और गार्डन में उसके पगमार्क मिले हैं।

### बाउंड्रीवाल की मरम्मत शुरू

भोज विश्वविद्यालय प्रबंधन ने बाउंड्रीवाल की मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। प्रबंधन का दावा है कि तीन वर्ष पूर्व जब परिसर में तेंदुआ घुसा था उसके बाद बाउंड्रीवाल की उंचाई बढ़ाई थी। कुछ क्षेत्रों में बाउंड्रीवाल के उपर जालीदार तार फेंसिंग भी कर दी है। अब नए सिरे से बाउंड्रीवाल का आडिट कराने के साथ ही जहां गेप मिल रहा है उसे भरा जा रहा है। अगले दो दिन में यह काम पूरा कर लिया जाएगा।

### प्रबंधन के संपर्क में वन विभाग के अधिकारी

भोज विश्वविद्यालय परिसर में तेंदुए के घुसने की पुष्टि होने के बाद से भोपाल सामान्य वन मंडल के अधिकारी भोज विश्वविद्यालय प्रबंधन से संपर्क में हैं। डीएफओ आलोक पाठक का कहना है कि वन विभाग अपनी तरफ से कोई कमी नहीं छोड़ रहा है। लगातार संपर्क में हैं। वन अमला भी गश्त कर रहा है। ट्रैप कैमरों को बार—बार खंगाला जा रहा है। परिसर में प्रबंधन द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे गए हैं। रात में भी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। विशेषज्ञों को बुलाकर सोमवार शाम तक फिर से खोजबीन कराई जाएगी। यदि तेंदुए की मौजूदगी मिलती है तो जल्द से जल्द पकड़ा जाएगा।

### कुलपति निवास तक पहुंच गया था तेंदुआ

परिसर के अंदर शनिवार की रात को तेंदुए ने प्रवेश किया था। तब उसे चौकीदारों ने देखा था। वह करीब दो घंटे तक परिसर के अंदर उत्पात मचाते रहा। हालांकि उसके द्वारा किसी को जनहानि नहीं पहुंचाई।




# नर्मदापुरम करने के फैसले पर लगी मुहर

**भोपाल।** नर्मदा जयंती की पूर्व संख्या पर राज्य सरकार ने होशंगाबाद का नाम बदलकर नर्मदापुरम करने के फैसले पर मुहर लगा दी है। राजस्व विभाग ने सोमवार को नाम परिवर्तन की अधिसूचना जारी कर दी है। अब होशंगाबाद को अधिकृत रूप से नर्मदापुरम कहा जा सकेगा। राजस्व रिकार्ड में भी शहर का नाम बदल दिया जाएगा। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने राज्य सरकार के इस प्रस्ताव को तीन फरवरी को मंजूरी दी थी। मध्य प्रदेश में वर्ष 2021 से गुलामी के प्रतीक नामों को बदलने का सिलसिला चल रहा है। भोपाल की हबीबगंज (रानी कमलापति) रेलवे स्टेशन के बाद सरकार ने मिंटो हाल का नाम बदलकर कुशाभाऊ ठाकरे हाल कर दिया है। होशंगाबाद का नाम बदलने की घोषणा भी वर्ष 2006 में सबसे पहले हुई थी। तब से जिला प्रशासन और राज्य शासन के बीच लगातार पत्राचार हो रहा था। वर्ष 2021 में होशंगाबाद का नाम बदलकर नर्मदापुरम करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज दिया गया था। जिस पर तीन फरवरी को सहमति मिली। केंद्र सरकार की सहमति के बाद राज्य सरकार ने विधिवत नाम परिवर्तित कर दिया है।



# पायलट को माना राजकीय विमान क्रैश होने का दोषी

### 85 करोड़ की वसूली का नोटिस

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार के राजकीय विमान (बी-200जीटी/वीटी एमपीक्यू) के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले में राज्य सरकार ने विमान के पायलट कैप्टन माजिद अख्तर के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। उन्हें हादसे के लिए दोषी मानते हुए शासन ने 85 करोड़ रुपये की वसूली का नोटिस भी थमाया है। जवाब आने के बाद शासन अब उनसे वसूली के बारे में फैसला करेगा। हादसे के बाद नागर विमानन महानिदेशालय ने पायलट माजिद अख्तर का लाइसेंस अगस्त 2021 में ही निलंबित कर दिया था। राज्य सरकार ने विभागीय जांच में स्पष्ट किया है कि यह हादसा पायलट की लापरवाही से हुआ है। जिसमें 62 करोड़ का विमान क्रेश हो गया। इस वजह से सरकार को किराए से विमान लेना पड़ा है। जिस पर अब तक करीब 23 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। इस तरह सरकार को 85 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। राज्य सरकार ने केप्टन माजिद को जारी आरोप पत्र में कहा कि क्यों न इस लापरवाही के कारण नुकसान की भरपाई आपसे की जाए। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश सरकार का यह विमान कोरोना संक्रमितों के इलाज के लिए गुजरात से रेमडेसिविर इंजेक्शन लेकर 7 मई 2021 को लौट रहा था, तब ग्वालियर हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान हादसा हुआ था। विमान लैंडिंग के समय रनवे से करीब तीन सौ फीट पहले लगे अरेस्टर बैरियर से टकरा गया था। जिससे विमान के काकपिट के आगे का हिस्सा, प्रापलर ब्लेड क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। इसमें सुधार की संभावना नहीं है। बीमा भी नहीं थासूत्रों के मुताबिक राजकीय विमान का कुछ दिन पहले ही बीमा की अवधि भी खत्म हो गई थी, जिसके चलते विमान के नुकसान की भरपाई संभव नहीं है ।जेट प्लेन खरीदेगी सरकार मध्य प्रदेश सरकार 90 करोड़ रुपये का जेट प्लेन खरीदने की तैयारी कर रही है। आगामी बजट में इस राशि का प्रविधान किया जाएगा। उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि फिलहाल प्रदेश के कुछ चुनिंदा स्थानों पर ही ऐसी हवाई पटटी हैं, जहां जेट प्लेन उतर सकता है। इसलिए सरकार ने बाकी सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे हवाई पट्टी का उन्यन करें। पीडब्ल्यूडी द्वारा इसका रोडमैप तैयार कराया जा रहा है। स्टेट प्लेन के क्रेश होने के बाद से अब तक राज्य सरकार ने निजी विमान के किराए पर 12 करोड़ रुपये की रकम खर्च कर दी है। इस राशि की देनदारी के लिए 17 करोड़ रुपये की बजट प्रविधान अनुपूरक बजट में किया गया है।

# भाजपा 11 फरवरी से शुरू करेगी समर्पण निधि संग्रह अभियान



**भोपाल।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 11 फरवरी से भाजपा समर्पण निधि का अभियान शुरू करेगी। पार्टी पिछले तीन सालों से समर्पण निधि का लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पा रही है। पार्टी ने इस बार डेढ़ सौ करोड़ रुपये एकत्र करने का लक्ष्य रखा है। जिसे डेढ़ महीने में जुटाया जाएगा। इस कार्य के लिए सभी जिलों में प्रभारी भी नियुक्त कर दिए गए हैं। सभी विधायक-सांसद और मंत्रियों को भी समर्पण निधि अभियान में मदद करनी होगी। पार्टी ने राशि एकत्रीकरण में पारदर्शिता के लिहाज से सौ से एक हजार रुपये तक के कूपन तैयार किए हैं। फिलहाल पार्टी हर जिले के लिए भी समर्पण राशि का लक्ष्य तय करने की तैयारी में है। 11 फरवरी को भाजपा समर्पण दिवस के रूप में मनाएगी। इस दिन से पार्टी आजीवन सहयोग निधि का अभियान प्रारंभ करेगी। पार्टी ने पहले इसका लक्ष्य सौ करोड़ रुपये तय किया था लेकिन अब इसे बढ़ाकर डेढ़ सौ करोड़ कर दिया गया है। इसके लिए संगठन ने नेताओं को जिलों का प्रभार भी सौंप दिया है। अनिल जैन कालूहेड़ा को समर्पण निधि संग्रह अभियान का प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। संगठन को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू किए जा रहे इस अभियान की समिति में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी के राष्?ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय तथा केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर सहित अन्य सदस्य बनाये गये है।

### मंत्रियों को सौंपी जवाबदारी

गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा को दतिया, इंदौर नगर तथा इंदौर ग्रामीण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गोपाल भार्गव को जबलपुर नगर, जबलपुर ग्रामीण एवं निवाड़ी। जगदीश देवड़ा को उज्जैन नगर, उज्जैन ग्रामीण, राजगढ़। भूपेन्द्र सिंह को भोपाल नगर, भोपाल ग्रामीण, सागर। ओमप्रकाश सखलेचा को छतरपुर और सिवनी। श्री विश्वास सारंग को टीकमगढ़ और श्योपुर। राज्यवर्धन सिंह दत्तीगांव को धार और रायसेन। प्रद्युम्न सिंह तोमर को ग्वालियर नगर, ग्वालियर ग्रामीण और शिवपुरी। पूर्व मंत्री जयंत मलैया को बालाघाट, दमोह और नरसिंहपुर की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता को विदिशा और सीहोर। पूर्व मंत्री राजेंद्र शुक्ल को सतना, रीवा, सीधी एवं सिंगरौली। पार्टी के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष सुधीर गुप्ता को पन्ना, अशोकनगर और गुना। प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी को बुरहानपुर, खण्डवा और मुरैना। प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन को छिंदवाड़ा। सह कोषाध्यक्ष अनिल जैन कालूहेड़ा को शाजापुर, आगर मालवा और भिंड। पूर्व मंत्री संजय पाठक को कटनी, शहडोल, और उमरिया। सांसद शंकर लालवानी को अलिराजपुर और झाबुआ। विधायक चेतन कश्यप को नीमच, मंदसौर और रतलाम। विधायक रमेश मेंदोला को देवास और बड़वानी। हेमंत खंडेलवाल को हरदा, नर्मदापुरम(होशंगाबाद) और बैतूल एवं योगेश मेहता को खरगौन जिले का प्रभार दिया गया है।



**भोपाल।** भोपाल रेलवे स्टेशन से होकर रेल यात्रा शुरू करने वाले यात्रियों के लिए मार्च के अंत से सफर और आसान हो जाएगा। स्टेशन पर प्रवेश करने और बाहर निकलने में आसानी होगी। यह सहूलियत नए भवन को रानी कमलापति स्टेशन छोर की तरफ बने फुटओवर ब्रिज %एफओबी% और मुख्य प्रवेश द्वार पर पहले से मौजद टैवलेटर से जोडने से

# एफओबी व ट्रेवलेटर से जुड़ेगा भोपाल स्टेशन का नया भवन

### यात्रियों को होगी सहूलियतें

होगी। ये दोनों काम मार्च के अंत तक पूरे कर लिए जाएंगे। यह भवन बीते तीन वर्षों से बनाया जा रहा है। जिसमें यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। यह भवन भोपाल स्टेशन को पुनः विकसित करने की योजना के तहत बनाया जा रहा है। इसके पहले प्लेटफार्म—छह की तरफ तीन मंजिला भवन बनाया जा चुका है जिसमें टिकट काउंटर आदि सुविधा शुरू हो चुकी है। इस भवन को भी जल्द नए एफओबी से जोड़ने की योजना है ताकि नए भवन से प्रवेश कर यात्री सीधे किसी भी प्लेटफार्म तक पहुंच सकते हैं।

### पांच लेन वाली ड्राप एंड गो सुविधा भी मिलेगी

प्लेटफार्म—एक की तरफ नए भवन के व्यवस्थित रूप से शुरू होने के बाद इस ओर पांच लेन वाली ड्राप एंड गो सुविधा चालू कर दी जाएगी। अभी दो लेन वाली सुविधा ही है। इसकी वजह से दबाव बढ़ते ही जाम की स्थिति बनने लगती है। सुबह और शाम के समय यह स्थिति ज्यादा बनती है। त्यौहारों व अवकाश के दिनों में तो पूरे दिन जाम की स्थिति से आम यात्रियों को जूझना पड़ता है। रेलवे ने इन सभी मुश्किलों को देखते हुए काम जल्द पूरा करने की योजना बनाई है। जिसके तहत काम किए जा रहे हैं।

### बीना छोर की तरफ होगा नए भवन का विस्तार

प्लेटफार्म—एक की तरफ बनाए जा रहे नए भवन का विस्तार किया जाएगा। यह काम तीन अलग—अलग चरणों में होगा। ये भवन भोपाल स्टेशन के बीना छोर की तरफ बनाए जाएंगे। अभी इस ओर रेलवे के पुराने दफ्तर हैं जो प्लेटफार्म से सटे हुए हैं। इन्हें तोड़ा जाएगा और नया निर्माण किया जाएगा।

# सौर उर्जा से रोशन पहला धार्मिक स्थल बना इंदौर

## साढे चार एकड़ में फैला श्रीविद्याधाम

**इंदौर।** शहर के पश्चिम क्षेत्र के एयरपोर्ट रोड पर साढे चार एकड़ में फैले श्रीविद्याधाम आश्रम सौर उर्जा से रोशन हो गया है। महाकाल मंदिर की तर्ज पर यहां 30 और 20 किलोवाट के दो सौर उर्जा उत्पादन सयंत्र लगाए गए है। इसके चलते अब श्रीविद्याधाम सौर उर्जा से रोशन शहर का एकमात्र धार्मिक स्थल बन गया है। सयंत्र से हर दिन 300 से 400 युनिट बिजली का उत्पादन होगा। पांच हजार वर्गफीट में लगे संयत्र पर 30 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है। संयत्र के लगने से हर माह 80 हजार से एक लाख रुपये तक आने वाले बिजली के बिल से राहत मिलेगी। सयंत्र की उम्र 25 वर्ष है ।सयंत्र में 92 सोलर प्लेट लगाई गई है ।अनुमान है कि इसकी लागत पर लगा खर्च 4 साल में निकल जाएगा। बिजली के बिली की राशि में सालाना 8 से 10 लाख रुपये की राशि बचेगी। इसका उपयोग ट्रस्ट द्वारा चलाई जा रही सेवा गतिविधियों में किया जाएगा। ट्रस्ट के महामंत्री पूनमचंद अग्रवाल का कहना है कि सयंत्र लगाने का उद्देश्य ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही सौर उत्पादन सयंत्र लागकर बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। साढे चार एकड़ में बने आश्रम में विभिन्न धार्मिक व सेवा गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसमें मां



### 11 मंदिर, अन्नक्षेत्र, गोशाला, संस्कृत महाविद्यालय के लिए उपयोग

परांबा के प्रमुख मंदिर के अलावा ब्रह्मलीन गिरिजानंद सरस्वती, गणेश परिवार, शिव परिवार, अन्नपूर्णा माता, सीतलामाता के मंदिर है। इसके अलावा सूर्य और नवग्रह के साथ शालिगराम और परशुराम मंदिर भी है। यहां गो शाला में 450 गाय, 200 विद्यार्थी के लिए छात्रवास, संस्कृत पाठशाला, संत निवास, यज्ञशाला और भोजनशाला भी अब ग्रीन उर्जा से रोशन होंगी। लोग होंगे प्रेरित, बिजली खर्च से मिलेगी राहत

**सौर उर्जा सयंत्र लगाने से बिजली उत्पादन होगा। इससे प्रदूषण की रोकथाम में भी मदद मिलती है। इसके साथ ही बिजली पर होने वाले खर्च से भी निजात मिलेगी। वर्तमान समय में सौर उर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।**

– दिनेश शर्मा, मंत्री विद्या आश्रम ट्रस्ट




# भोपाल नगर निगम में सात लाख रुपये का गबन

### निगमायुक्त ने मीटर रीडर को किया निलंबित

**भोपाल।** नगर निगम के जोन क्रमांक 16 में पदस्थ मीटर रीडर दुर्गेश लाला ओझा को नगर निगम निगम आयुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मीटर रीडर पर वर्ष 2020-21 में जोनल स्तर पर संधारित कैशबुक व वार्ड से प्राप्त चालानों का मिलान नहीं हो पाया। वहीं दैनिक योग त्रुटिपूर्ण पाए जाने के चलते यह कार्रवाई की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम की आय में तीन लाख पंद्रह हजार चार सौ तिरानवे और चालू वित्तीय वर्ष में तीन लाख इक?यानवे हजार नौ सो सात इस तरह कुल सात लाख सात हजार चार सौं रुपये निगम के कोष में कम जमा होना पाया गया है। निलंबन अवधि में जीवन निर्वाहन भत्ता की पात्रता दुर्गेश को रहेगी। वहीं मुख्यालय निगम के आंबेडकर पुस्तकालय में उन्हें अटैच किया गया है।

# भोपाल ने जीता आरजीपीवी राज्यस्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट



**भोपाल।** रातीबड़ स्थित राधारमण समूह परिसर में आज राज्यस्तरीय आरजीपीवी क्रिकेट टूर्नामेंट भोपाल ने रीवा को हराकार जीत लिया। राधारामण के खेल मैदान पर खेले गए मुकाबले में टास जीतकर भोपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 112 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में रीवा की टीम छह विकिट खोकर 97 रन ही बना सकी। इस प्रकार भोपाल की टीम ने यह मुकाबला 15 रनों से जीत लिया। भोपाल के बल्लेबाज हर्ष महापात्रा ने 17 गेंद पर 22 रन बनाए। नियाज अंसारी ने भी टीम के स्कोर में 16 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। शिवांश चतुर्वेदी को मैन आफ द मैच चुना गया। उन्होंने 21 रन बनाए व एक विकेट लिया। समापन अवसर पर विशिष्ट अतिथि व भारतीय खेल प्राधिकरण के चीफ कोच, सतीश बिरोही ने विजेता टीम को ट्राफी प्रदान की। इस अवसर पर आरजीपीवी की डीन (एसए) प्रोफेसर डा. मंजू सिंह तथा राधारमण समूह के चेयरमेन आर आर सक्सेना सहित ग्रुप के समस्त डायरेक्टर विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## नरबदा मैया नरबदा मैया

कल कल करता नीर तम्हार
जिस पर चलती जीवन तैया
भक्त सभी बम बुलिया गाते
नाचे ताता थैया
अहो भाग्य है दर्शन पाते
हो सबका उद्धार मैया
नरबदा मैया
अमरकंटक से निकली मैया
कण गण में शिव शंभू विराजे
महिमा अपरंपार मैयार
नरबदा मैया
मां गंगा से मिलने तुम्हारा
सब तीरथ तुममे समाये
जग कर करे उद्धार मैया
नरबदा मैया, नरबदा मैया

**रामगोपाल सोनी**
**सांई कालोनी**

## नर्मदा की करूणामय गाथा

सुनो मेरी करूणामय गाथा,
मैं हूँ नर्मदा तुम्हारी माता।
मेरा जल था कितना निर्मल,
शुद्ध, स्वच्छ, बहता था कल-कल।
अब क्यों वह हो रहा प्रदूषित,
मलीन, अस्वच्छ और अशुद्धित !
डाला जा रहा मुझमें कचरा,
चारों ओर बस प्रदूषण पसरा,
यह मेरी करूणामय गाथा,
मैं हूँ नर्मदा तुम्हारी माता।
पर्व विशेष जब आते हैं,
सभी मुझमें नहाते हैं;
करते हैं पूजा, उतारते हैं आरती,
कहते हैं माँ तू हमें है तारती;
फ़िर इतना कष्ट क्यों मुझे पहुँचाते,
मुझमें गंदगी व प्रदूषण फैलाते !
देख यह मन दुखी हो जाता,
मैं हूँ नर्मदा तुम्हारी माता।
मेरे किनारे तोड़े जा रहे,
मेरे रास्ते मोड़े जा रहे,
जो वन थे कभी मेरे प्राण,
जो वन्यजीव थे मेरी शान,
वे सब अब दिखायी क्यों नहीं देते,
उनके स्वर सुनायी क्यों नहीं देते?
किससे कहूँ मैं अपनी गाथा,
मैं हूँ नर्मदा तुम्हारी माता।
मैं हूँ तुम्हारी जीवन रेखा,
मत करो अब मुझे अनदेखा,
मत उड़ेलो गंदे नाले,
मेरा अस्तित्व रखो संभाले,
साबुन-रसायन न मुझमें मिलाओ,
गंदगी व प्रदूषण से मुझे बचाओ,
मेरा जल ही है मेरी पहचान,
बनाओ न इसे कूड़ादान,
मैं हूँ तुम्हारी जीवनदाता,
मैं हूँ नर्मदा तुम्हारी माता।



**महर्षि दुबे**
**मारूति नगर, रसूलिया**
**होशंगाबाद, म.प्र.**

**अमरकंटक अनूपपुर।** जिले का यह तीर्थ शिरोमणि आज समूचे भारतवर्ष में व विश्व मे ख्याति पा रहा है और समूचे विश्व से लोग इस तीर्थराज अमरकंटक में पहुंच कर माँ नर्मदा की कृपा व माँ नर्मदा की ममतामयी आँचल में स्वयं को समर्पित कर देने के लिए लालायित हैं। माँ नर्मदा के उद्गम स्थल और भगवान सदाशिव भोले नाथ जी का प्रिय यह मैकल पर्वत आज विश्व विख्यात है और ॠअमरकंटकॠ के नाम से सुप्रसिद्ध है। यहाँ पहुंचकर माँ नर्मदा के दर्शन मात्र से ही पुण्य लाभ होता है और लोगों के सब पाप कट जाते हैं। माँ नर्मदा में स्नान करने को गंगा मैया में स्नान करने के समान माना गया है। हालांकि माँ नर्मदा के महात्म्य की ह?ारों कथाएं हैं, जिन कथाओं को भक्तगण ब?ी श्रद्धा भाव के साथ श्रवण करते हैं और माँ नर्मदा की आराधना करते हैं।

# नमो नर्मदा माई रेवा से गूंजा अमरकंटक

## शिव प्रिय मैकल, शैल सूता सी। सकल सिद्ध सुख सम्मति राशी

हम सभी का सौभाग्य है कि हम माँ नर्मदा की पावन भूमि पर रहकर हर घ?ी मां नर्मदा की कृपा और आशीर्वाद से अभिसिंचित होते हैं और मां नर्मदा की गोद में रहते हैं। माँ नर्मदा के जन्मोत्सव को लेकर भक्तों का उत्साह देखते ही बनता है और पूर्व से ही माँ नर्मदा के जन्म जयंती के पावन अवसर पर भक्तों का तांता लगा हुआ है और माँ नर्मदा के दर्शन के प्रति उनकी आतुरता सराहनीय व पूज्यनीय है।

*सबिंदु सिन्धु सुस्खल तरंग भंग रंजितम, *
*द्विषत्सु पाप जात-जात कारि वारि संयुतम।*
*कृतान्त दूत काल भुत भीति हारि वर्मदे, *
*त्वदीय पाद पंकजम नमामि देवी नर्मदे त्वदीय पाद पंकजम नमामि देवी नर्मदे।।*

हिन्दू कैलेण्डर के अनुसार, प्रतिवर्ष माघ माह में शुक्ल पक्ष सप्तमी को माँ नर्मदा की जयंती ब?ी धूम धाम से मनाई जाती है और सन 2022 में माँ नर्मदा जी की जयंती 7 फरवरी, सोमवार को है। माँ नर्मदा भारत की प्रमुख नदियों में से एक हैं,जो कि देश की भौगोलिक परिस्थितियों को सुसज्जित करने में अहम भूमिका निभाती हैं तो कई क्षेत्रों में माँ नर्मदा के मीठे पानी का अमृत प?ने के कारण वो क्षेत्र फलीभूत हो रहे हैं। इसका वर्णन रामायण, महाभारत आदि अनेक धर्म ग्रंथों में भी मिलता है। इस पावन दिवस के अवसर पर भक्तगण नर्मदा नदी की पूजा करते हैं। यह माना जाता है कि माँ नर्मदा के पूजन से भक्तों के जीवन में शान्ति तथा समृद्धि का आगमन होता है। मध्य प्रदेश के अमरकण्टक नामक स्थान से नर्मदा नदी का उद्गम होता है। अमरकण्टक नर्मदा जयन्ती के पूजन के लिये सर्वाधिक लोकप्रिय स्थान है।

कैसे करें माँ नर्मदा की अर्चना?

माघ मास की सप्तमी तिथि को मेकल सुता माँ नर्मदा जी की जयंती के दिन सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त से पहले, प्रणाम करके नर्मदा स्नान करना चाहिए। इस दिन धुले हुए वस्त्र पहनकर विधिवत अक्षत, पुष्प, कुमकुम, हल्दी, धुप-दीप से पूजन करें। नर्मदा जयंती के दिन नर्मदा में 11 आटे के दीपक जलाकर दान करने से हर मनोकामना पूरी हो जाती है।

### नर्मदा जयंती क्यों मनाई जाती है?

नर्मदा जयंती को मनाने के कई कारण है, जिसके पीछे कई पौराणिक कथाएं एवं मान्यताएं छिपी हैं। नर्मदा जयंती माघ के महीने में जब शुक्ल पक्ष की सप्तमी आती है, उस दिन को इस पर्व के रूप में मनाया जाता है। नर्मदा जी की रेवा नाम से भी अराधना की जाती है। मान्यता के अनुसार नर्मदा जी में स्नान को गंगा स्नान के समान पवित्र माना गया है। इस दिन भक्त अपने पापों का नाश करके तन और मन की शुद्धि हेतु इस दिन को मनाते हैं। यह भी कहा जाता है इस स्नान से पुण्य की प्राप्ति होती है। वहीं एक कथा के अनुसार हिरण्यतेजा नाम के राजा ने चौदह हजार दिव्य वर्षों तक भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कठिन तप्सया की थी। जिससे भगवान शिव ने उसे वर मांगने को कहा था।

तब राजा ने कहा था कि नर्मदा जी को पृथ्वी पर भेज कर प्राणियों व मानवजाति का उद्धार करें। इस नदी में ही राजा ने अपने पितरों का भी तर्पण किया था। तभी शिव जी के तथास्तु कह कर राजा हिरण्यतेजा को यह वरदान प्रसन्न हो कर दे दिया था। उस समय माता नर्मदा जी ने मगरमच्छ पर सवार हो कर पृथ्वी पर प्रस्थान किया और उदयाचल पर्वत पर जाकर उत्तर से पश्चिम दिशा की ओर बहना शुरू कर दिया था. इसी कारण से यह दिन नर्मदा जयंती के रूप में बहुत आस्था के साथ मनाया जाता है।



### भव्यता से निकाली गई शोभायात्रा

अनंत पुण्य पावनी शिव स्वेदोद्ध पतित पुण्य पावनी मां नर्मदा का पावन जन्मोत्सव का महापर्व श्री नर्मदा मंदिर एवं उद्गम स्थल अमरकंटक में दिनांक 8 फरवरी 2022 दिन मंगलवार को अत्यंत हर्ष उल्लास एवं बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाना सुनिश्चित है। इस पावन अवसर पर दिनांक 7 फरवरी दिन सोमवार समय प्रातः 10:00 बजे मां नर्मदा की भव्य शोभायात्रा ( नगर भ्रमण) निकाली गई व नगर भ्रमण किया गया। भ्रमण पश्चात दोपहर 2:00 बजे से अखंड नर्मदा संकीर्तन प्रारंभ हुआ। दिनांक 8 फरवरी दिन मंगलवार मध्यान्ह 12:00 बजे से श्री नर्मदा मंदिर एवं उद्गम स्थल में श्री नर्मदा जन्मोत्सव पूजा, कन्या पूजन, कन्या भोज एवं विशाल भंडारा प्रसाद वितरण आरंभ होगा एवम शाम 7:00 बजे माँ नर्मदा की भव्य महाआरती होगी।

# भंडरा क्रिकेट टीम बनी विजेता



बघराजी। बड़वारा विधायक ने पुरस्कार वितरित किए बघराजी समीपस्थ ग्राम पंचायत गाडा मैं छष्ट्ठ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट कप फाइनल मुकाबला सनी क्रिकेट क्लब ब एवं बघराजी भडारा टीम के बीच खेला गया भंडरा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 179 रन बनाए जवाबी पारी खेलने उतरी बघराजी की पूरी 16 ओवर में 130 रन बनाकर आउट हो गई इस तरह भंडरा ने 49 रन से मैच जीत कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया बघराजी टीम उपविजेता बनी

### बघराजी टीम के बल्लेबाज

आदिल खान पूरे टूर्नामेंट मैं सर्वाधिक 229 रन बनाए बैंसट बल्लेबाज का किताब दिया गया इमरान को 112 रन बनाने एवं 12 विकेट लेने मैन ऑफ द सीरीज फाइनल मैच में 49 रन मनाने वाले एवं 1 विकेट लेने वाले सुमन राजपूत को मैन आफ द मैच टूर्नामेंट में 12 विकेट लेने वाले इमरान को बेस्ट बॉलर का खिताब दिया गया बड़वारा विधायक बसंत सिंह फिर प्रकोष्ठ के जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजेश सोनी मनीष सोनी रवि अवस्थी सचिव राम मिलन यादव संजू पटेल विजेता विजेता टीम को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया सुरेश पटेल आनंद पटेल समिति के बिहारी मास्टर जी वेंकट ठाकुर शिवराम पटेल सचिन बैरागी कमलेश पटेल भैया लाल सेन का टूर्नामेंट संपन्न कराने में सराहनीय योगदान रहा।

# ह्रषिकेश पांडे ने लता जी को दी श्रद्धांजलि



**जबलपुर।** भारत रत्न,स्वर कोकिला सुश्री लता मंगेशकर का निधन बेहद दुखदाई और अमूल्य क्षति है भारत के साथ सम्पूर्ण संसार के लिए।भगवान उनको अपने श्री चरणों में स्थान दे। वह मेरी पारिवारिक सदस्य के समान थीं यह कहना है वॉलीवुड कलाकार ह्रषिकेश पांडे का जो कि जबलपुर से जुड़े हुए हैं आपके पिता जीएन पांडे जबलपुर आर्मी में अधिकारी रहे हैं।

# गंगा फोर्जिंग लिमिटेड को यूएसए से निर्यात करने का ऑर्डर मिला



**एजेंसी।** एनएसई सूचीबद्ध, आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित गंगा फोर्जिंग लिमिटेड, निर्माण, रेलवे, यांत्रिक उद्योगों, तेल रिफाइनरियों, खनन, आदि जैसे प्रमुख उद्योगों को आपूर्ति करने वाले विशेष घटकों के साथ अग्रणी स्टील फोर्जिंग और मशीन घटक निर्माताओं में से एक है। गंगा फोर्जिंग लिमिटेड ने एक्सचेंज को सूचित किया है कि उसे यूएस से 5,33,588 अमेरिकी डॉलर (लगभग 40 मिलियन रुपये) का निर्यात ऑर्डर मिला है, साथ ही कंपनी की विनिर्माण क्षमता 14,400 मीट्रिक टन प्रति वर्ष है। कंपनी के उत्पादों में क्रैंकशाफ्ट, कनेक्टिंग रॉड्स आदि शामिल हैं। यह कंपनी राजकोट, गुजरात के पास अपनी अत्याधुनिक, अति आधुनिक नवीनतम, पूरी तरह से स्वचालित निर्माण और मशीनिंग निर्माण सुविधाओं में 3 दशकों से इनके भागों का उत्पादन करती है।कंपनी के पास पूर्णतः अत्याधुनिक व नवीनतम उपकरणों के साथ सुसज्जित क्रएंड ष्ठ प्रयोगशाला है, इसमें नवीनतम तकनीकें मौजूद है। कंपनी अमेरिका, ईरान, जर्मनी, आदि देशों सहित दुनिया-भर में निर्माणित भागों का निर्यात भी करती है।कंपनी श्वङ्क वाहनों के लिए विनिर्माण उत्पादों में प्रवेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिससे कंपनी के राजस्व और प्रोफिटेबिलिटी में काफी वृद्धि हो सकती है। मौजूदा बजट में ऑटोमोबाइल उद्योग पर जोर देने और प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनियों द्वारा उत्पादन में वृद्धि के साथ, निर्माणित उत्पादों की मांग में वृद्धि का रुझान देखने को मिलेगा।

### शासकीय जमीन पर लगातार बढ़ रहा कब्जा

**शहडोल।** प्रशासनिक जिम्मेदारों की अनदेखी से जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर व्यवहारी अंचल ही नहीं पूरे जिले की शासकीय जमीन पर तथाकथित सरहन व्यक्ति के भू माफियाओं की काली नजर इस कदर पड़ी कि प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रह गया और बेशकीमती शासकीय जमीन पर अतिक्रमणकारियों ने बिना रोक-टोक के कब्जा कर लियाद्य सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते एक दशक के अंतराल में हालात इस कदर बनेगी चाहे वह स्कूल की जमीन हो या अन्य विभागों की जमीन हो या ग्रामीण सड़क मार्गों से लेकर कस्बाई क्षेत्र की शासकीय जमीन हो जहां भू माफियाओं की काली करतूत वाले इन भू माफियाओं के सामने घुटने टेकने वाले तथाकथित नगर परिषद सहित प्रशासनिक अधिकारियों के कारण आज क्षेत्र में अतिक्रमण कारी अधिकारियों पर भारी पड़ने लगे हैं।

# मौत के गड्ढों में कहीं समा ना जाए जिंदगी

कोतमा। अनूपपुर जिले के सबसे बड़े नगर कोतमा की तस्वीर बदलने के लिए सरकार द्वारा करोड़ों की लागत से मॉडल रोड निर्माण को स्वीकृति दी गई जिसका ठेका अनिल बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया, जहां वह अपनी मनमानी करते हुए कोतमा के स्वरूप को विकसित करने वाली मॉडल सड़क को अपने मनमाने रवैया के कारण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रहा है। विभाग की मिलीभगत और ठेकेदार की मनमानी ने मॉडल रोड का स्वरूप बिगाड़ दिया है जहां 1 मीटर से अधिक चौड़ाई का डिवाइडर बनना था उस डिवाइडर को अपने मनमाने तरीके से बंजारा चौक से आधा मीटर कर दिया गया। जो कि सीधे भ्रष्टाचार के मापदंड पर खरा उतर रहा है। हाल फिलहाल सत्ता पर बैठे जनप्रतिनिधियों ने कमीशन खोरी के कारण चुप्पी साध रखी है वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश जैन ने जल्द ही ठेकेदार और विभाग के मिलीभगत से मॉडल रोड में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोलने की बात कही है। कोतमा नगर को पहली बार करो?ो की लागत से बनने वाली मॉडल रोड की सौगात मिली। शुरू से ही मॉडल रोड विवादों में उलझा रहा। मॉडल रोड निर्माण से पूर्व ही वाहवाही लूटने विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष में अच्छी खासी तनातनी हुई। जिसके बाद कैबिनेट खाद्य विभाग के मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने उक्त रोड का उद्घाटन कोतमा बस स्टैंड में किया। जहां कोतमा विधायक द्वारा मंच पर भाजपा द्वारा बात रखने का मौका ना देने पर नाराज हो गए और मंच से ही हंगामा कर दिया। जिसके कुछ दिनों बाद मॉडल रोड का निर्माण कार्य शुरू हुआ। जहां कोतमा की जनता ने एक अच्छी मॉडल रोड बनाए जाने का सपना संजो रखा था लेकिन अनिल बिल्डकॉन और उच्च अधिकारियों और कोतमा के सत्तारूढ़ ही सफेदपोश नेताओं की सांठगांठ और ने कोतमा को मिलने वाले इस सौगात को अभिश्राप बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

### मानक के विपरीत बन रही करोडों की मॉडल सड़क चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट- राजेश जैन

कोतमा के बहुआयामी विकास के पंख लगा देने वाली मॉडल सड़क के करोड़ों रुपए की सौगात सत्ता शासन से मिली जिसके बाद अनिल बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड ने मॉडल रोड निर्माण का कार्य शुरू किया जहां शुरू से ही मॉडल रोड भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दी गई। कोतमा नगर में निर्मित होने वाली लगभग 10 करोड़ के मॉडल रोड अपनी ही जुबा से भ्रष्टाचार की गाथा रो रही है। जिसको लेकर अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेश जैन ने मोर्चा खोलने की बात कही है श्री राजेश का कहना है कि शुरू में भाजपा के कुछ पदाधिकारियों ने मॉडल को लेकर विरोध किया लेकिन जैसे ही उन नेताओं को ठेकेदार के कमीशन का हिस्सा प्राप्त हुआ वैसे ही वह चुप होकर बैठ गए साथ ही भ्रष्टाचार पर अपना मौन स्वीकृति देते हुए सहयोग भी किया। अनिल बिल्डकॉन कंपनी द्वारा लगातार सड़क पर अनियमितताएं की जा रही है जिसका पहला उदाहरण बनाई गई सड़क पर बीच में छोड़े गए वह गड्ढे हैं जो कि मौत को आमंत्रित कर रहे हैं लेकिन जनता की फिक्र ना करते हुए अनिल बिल्डकॉन ने उन मौत नुमा गड्ढों में ना तो बैरिकेट्स लगाएं और ना ही किसी तरह का संकेतिक वस्तु लगाकर दुर्घटना को रोकने का प्रयास किया। जिसे अब तक कोतमा में कई घटनाएं घट चुकी हैं ऐसा लगता है कि जब तक किसी भी व्यक्ति की जान नहीं जाएगी तब तक ना तो लोक निर्माण विभाग की आंख खुलेगी और ना ही ठेकेदार की।

### आधी अधूरी सड़क पर नहीं लगाया बैरिकेट्ड, बन रहा दुर्घटना का कारण

### विरोध और सोशल मीडिया में लाइव आना था भाजपा का ढकोसला

वही वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्री जैन कहां की सोशल मीडिया में लाइव आकर भाजपा के पदाधिकारियों का विरोध करना एक बड़ा ढकोसला था । सोशल मीडिया मे भाजपा के पदाधिकारी ठेकेदार से अपनी कमीशन एवं वसूली की मंशा से विरोध कर रहे थे जिसके बाद वह पूर्णता चुप होकर ठेकेदार को मौन स्वीकृति देकर भ्रष्टाचार के बीज बो दिए हैं जो कि आने वाली पीढ़ी के लिए कांटो का सबब बन जाएगा। अब जब ठेकेदार ने अपनी मनमानी शुरू की है तो भाजपा के पदाधिकारी मौन धारण कर क्षेत्र में हो रहे भ्रष्टाचार को पनाह दे रहे हैं। निर्माणाधीन एजेंसी द्वारा 1 मीटर से घटाकर आधे मीटर में डिवाइडर कर दिया गया है जिससे आने वाले समय में बहुत से दुर्घटनाएं हो सकती है। वही स्टीमेट और मानक के विपरीत जाकर मनमाने तरीके से ठेकेदार द्वारा कार्य किया जा रहा है जिस पर ना तो विवाद कोई कार्यवाही कर रहा है और ना सत्ता पक्ष के जन नेता किसी तरह की कार्यवाही के लिए मांग कर रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेश जैन ने कहां की अनिल बिल्डकॉन द्वारा लापरवाही तरीके से रोड निर्माण का कार्य किया जा रहा है आधा अधूरी बनाई गई सड़क पर जिन जगहों पर खंबे खड़े हुए हैं उन्हें बिना बैरिकेड वह संकेतिक निशान लगाएं खुले छोड़ दिए गए हैं जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं वहीं सड़क के बीच खंभों की जगह खाली छोड़ देने से बड़े-बड़े बड़ों का रूप ले लिया है जोकि कभी भी यात्रियों की मौत का सबब बन सकते हैं। इन बड़े गड्ढों पर गाड़ियां अनियंत्रित होकर पलट सकती हैं वही खंभों पर किसी भी प्रकार के संकेतिक चिन्ह न लगाने से कभी भी तेज रफ्तार से आ रहे वाहन खंभे से टकराकर बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकते हैं। लेकिन इन सब बातों को दरकिनार करते हुए ठेकेदार द्वारा लापरवाही से कार्य किया जा रहा है देखकर तो यही लगता है कि कहीं इन मौत के गड्ढों में गिरकर जिंदगी ना समा जाये।करोड़ों के मॉडल रोड में अनिल बिल्डकॉन की मनमानी, स्टीमेट से हटकर निर्माण कार्य किया जा रहा है । रोड के मध्य बनने वाले डिवाइडर का आधा मीटर ही ठेकेदार द्वारा खा लिया गया जहां डिवाइडर 1 मीटर का होना था वही बंजारा चौक से स्टेट बैंक तक वह 1 मीटर आधा मीटर हो गया। जिसका सबसे बड़ा कारण भाजपा पदाधिकारियों के सड़क किनारे बने मकान हैं जिनके द्वारा ठेकेदार से सांठगांठ कर रोड की चौड़ाई को कम किया जा रहा है एवं अपने अतिक्रमण को सुरक्षित रखने का प्रयास विभाग और ठेकेदार के साथ मिलकर सत्ताधारी पार्टी द्वारा किया जा रहा है। वही हाल ही में सुर्खियों में आए अवैध निर्माण वाले घर भी अतिक्रमण की जद में आ गए थे लेकिन पैसे देकर और सांठगांठ कर ठेकेदार ने उक्त जगह रोड की चौड़ाई को कम कर उक्त माफियाओं को अतिक्रमण का अभय दान दे दिया है देखना यह है कि क्या अब कांग्रेस नेता के मोर्चा खोलने के बाद किसी भी प्रकार की कार्यवाही की जाएगी या फिर ठेकेदार द्वारा ऐसे ही भ्रष्टाचार की खाई खोद कर मॉडल रोड को उसमें डुबो दिया जाएगा।

# तीन दिवस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

**सिहोरा** – शासकीय चिकित्सालय के सामने स्थित श्रीयम हॉस्पिटल में नवनिर्मित राधा कृष्ण मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आज मंगलवार से प्रारंभ होगा कार्यक्रम संयोजक डॉ आशीष शुक्ला ने बताया आज मूर्ति की स्थापना पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चार से होगी इसके साथ अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ होगा तथा बुधवार को संगीतमय अखंड सुंदरकांड पाठ होगा इसके बाद हवन तथा गुरुवार को लोढ़ा पहाड़ सिद्धन धाम के महंत श्री सीता शरण जू महाराज कथा श्री अच्युतानंद महाराज के सानिध्य में दोपहर 1 बजे अपूर्व मेमोरियल श्रीयम हॉस्पिटल का शुभारंभ तथा भंडारा होगा आयोजन समिति के भरत शुक्ला, मिथिलेश शुक्ला, उमा शुक्ला, डॉक्टर कामिनी शुक्ला ने सभी से तीन दिवसीय महोत्सव में शामिल होने की अपील की है। आज नर्मदा जयंती पर विविध आयोजन सिहोरा -पुण्य सलिला मां नर्मदा जयंती पर नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रो में भी भक्त गण मां नर्मदा की भक्ति में आज डूबे नजर आयेगे इस अवसर पर जगह जगह विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गये है। सेवा भाव समिति खितौला द्वारा राधाकृष्ण मंदिर में दोफहर 12 बजे से एंव मां ज्वाला देवी के दरबार ज्वालामुखी में भी पूजन के बाद शाम को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है । इसी तरह गांधीग्राम स्थित बंजारी माता मंदिर में भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गये है। संयोजक पुष्पराज सिंह बघेल ने बताया माता के मंदिर मे सुबह 7 बजे कलश स्थापना, दोफहर 11 बजे हवन पुजन एंव 12 बजे से प्रसाद वितरण के साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया है तथा शाम 6 बजे महाआरती होगी। बघेल परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से पहुचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

## शहडोल मेडिकल कालेज नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन ने जताया आभार

**शहडोल।** मध्यप्रदेश में स्टाफ नर्स और नर्सिंग सिस्टर के पदनाम में बदलाव पिछले वर्ष नवम्बर में माह में कर दिया गया था। जिसके फलस्वरूप आदेश 4 फरवरी को चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किया है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत सभी महाविद्यालय एवं संबंध चिकित्सालयों में पदस्थ नर्सिंग संवर्ग के पदनाम में बदलाव किया गया है जिसमें स्टाफ नर्स को अब नर्सिंग ऑफिसर के नाम से जाना जाएगा वहीं नर्सिंग सिस्टर को सीनियर नर्सिंग सिस्टर के नाम से जाना जाएगा। जिसमें शहडोल मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अंकित सोनबिरसे, उपाध्यक्ष, सचिव सहित कार्यकर्ताओं द्वारा शासन सहित प्रदेश कार्यकारिणी का आभर वक्त किया है।

# औद्योगिक खेती को बढ़ावा देने जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने सब्जी फार्म हाउस का किया भ्रमण



**कुंडम-** बघराजी स्थित अमित शर्मा फार्म हाउस जिसमें अमित शर्मा ने इंग्लैंड अमेरिका में पढ़ाई करने के बाद 35 एकड़ जमीन खरीद कर फार्म हाउस बनाया जिसमें सब्जी की औद्योगिक खेती विगत 4 वर्षों से करते आ रहे हैं टमाटर भटा शिमला मिर्च खीरा की खेती कर दिल्ली इलाहाबाद और अन्य राज्यों तक इनके द्वारा समझी की मार्केटिंग की जाती है 200 से ढाई सौ लोगों को रोजगार भी उपलब्ध करा रहे हैं साथ ही अपनी आए में भी बढ़ोतरी की है आज जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री प्रेम दुबे सचिव श्री पंकज महेश्वरी रवि मिश्रा राजेश सोनी शशिकांत पांडे प्रवक्ता दुर्गेश पटेल बच्चा यादव ने अपने 25 साथियों के साथ इस फार्म हाउस में भ्रमण किया साथ में युवा टीम को इस खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी लोग ग्रामीण अंचल में इतने बड़े स्तर की खेती देखकर काफी आकर्षित हुए युवाओं ने भी इस खेती को अपनाने का मन बना लिया है अमित शर्मा ने बताया इस खेती से युवा तुरंत लाभ कमा सकते हैं और अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकते हैं चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रेम दुबे ने फार्म हाउसों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद करने के लिए मार्केटिंग के लिए आश्वस्त किया उनके साथ अशोक कुमार महेंद्र विश्वकर्मा दीपचंद धनगर सौरभ द्विवेदी गुड्डू पटेल रंजीत सिंह राकेश पटेल प्रियांशु दुबे राहुल भोजवानी रितेश मिश्रा एवं बहुत से कृषक साथियों ने फार्म हाउस का भ्रमण कर स्थिति को अपनाने के लिए जोर दिया।

## क्षेत्रीय टेनिसबाल क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

**अनूपपुर** जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम अमदरी में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाद्य इस अवसर पर फायनल मैच पर बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश पाठक उपस्थित रहेद्य विशिष्ट अतिथि मण्डल अध्यक्ष प्रवीण सिंह गहरवार ,थाना प्रभारी करनपठार सोने सिंह परस्ते,पूर्व मण्डल अध्यक्ष गुलजार सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत अमदरी राममिलन सिंह, जनपद सदस्य रामकुमार सिंह, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मण्डल अध्यक्ष आशा नायक, सरपंच कोमल सिंह, भारतीय मजदूर संघ के मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, प्राचार्य गोपाल सिंह मरावी, बूथ अध्यक्ष शिवपाल सिंह, दलसिंह मरावी,उप-सरपंच विजय सिंह, एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के समापन में मेजबान टीम अमदरी का मुकाबला मेहमान टीम थाना करनपठार के साथ हुआ।

# फुटबॉल टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच संपन्न

**शहडोलद्य** सुभाष फुटबाल टूर्नामेंट क्लब के तत्वाधान में कोयलांचल में जिला स्तरीय फुटवाल टूनामेंट में पहले सेमी फाइनल में भारत स्पोटिंग धनपुरी व देवहरा के बीच खेला गया दूसरे सेमी फाइनल में एमपीईबी चचाई व भालुमाढा के बीच खेला गया मुख्यातिथि भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कमल प्रताप सिंह जी द्वारा भारत माता की चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया। आज का मैच बहुत ही रोमांचक रहा पूरा मैदान दर्शकों से खचा खच भरा हुआ था बहुत साल के बाद स्टेडियम में ऐसा भव्य आयोजन होने से खेल प्रेमियों में उत्साह की भरमार नजर आ रही थी मुख्यातिथि ने आयोजन समिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा की ऐसे आयोजन होने से खिलाड़ियों के साथ खेलप्रेमियों का भी हौशला बढ़ता है और आज हमारी नई पीढ़ी खेल से दूर होते जा रहे है निश्चित तौर पर खेल के प्रति उत्सुकता और खेल भावना बढ़ेगी अंतमें उन्होंने दोनो टीम को शुभकामनाएं दी। मंच पर अतिथियों में युवामोर्चा के जिलाध्यक्ष श्री प्रियम त्रिपाठी महामंत्री मोहन लाल सोनी युवामोर्चा मंडल अध्यक्ष अरविंद रजक वरिष्ठ शिक्षक श्री मैथिली शरण गुप्त जी पार्षद श्रीमती शशिकला जी व आयोजन समिति की श्रीमती धीरूसिंह परिहार सरिता शर्मा गोरेलाल पनिका अरविंद सिंह सचिन दाहिया जिवेश मिश्रा योगराज वर्मा बिट्टू कचेर रवि कुशवाहा चिंटू खान प्रदीप द्विवेदी दीपक चौरसिया दीपाली कोल प्रीति उपाध्याय पूजा रावत नेहा रावत डाक्टर शेरा खान विनोद कपूर उमेश सोनकर प्रकाश चौधरी मकसूद ॠषि गुप्ता संजय शुक्ला कल्लू गणेश हाथगेन ओम सिंह परिहार कपिल जोशी सूरज पाल विमला वर्मा रेखा द्विवेदी पिंटू पाल प्रकाश सिंह सनी पाल क्रिश झरिया सुधांशु यादव तरुण सिंह परिहार अभय सोनकर जय वर्मा मनीष कुर्रे अंशु यादव सुमित चौहान राहुल मांझी निर्भय सोनकर विक्रम परिहार विनोद पटेल रंजीत ॠषि कुमार पुनीत कुमार पनिका रंजीव दुबे प्रदीप चक्रधारी श्रद्धा द्विवेदी आस्था द्विवेदी खुशबू रजक देववती अमृता उपाध्याय सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित रहे मैच का सफल संचालन एडवोकेट कलाम जी व विनोद कपूर जी के साथ योगराज वर्मा जी द्वारा किया गया।





शादी को लेकर आई ये बड़ी खबर

# आलिया भट्ट-रणबीर कपूर के परिवार ने शुरू की तैयारियां!

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और आलिया भट्ट पिछले काफी वक्त से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। माना जा रहा है कि साल 2022 में ये कपल शादी के बंधन में बंध जाएगा। जानकारी के मुताबिक शादी की तैयारियां लगातार जारी हैं और इसी साल ये जोड़ा सात फेरे लेकर सात जन्मों के बंधन में बंध जाएगा। इससे पहले बताया जा रहा था कि रणबीर कपूर और आलिया भट्ट दिसंबर 2021 में शादी के बंधन मे बंध जाएंगे। हालांकि बाद में खबर आई कि कई चीजों को ध्यान में रखते हुए शादी पोस्टपोन कर दी गई है।

रणबीर-आलिया की शादी को एक्साइटेड फैंस एक रिपोर्ट के मुताबिक रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अप्रैल में शादी करने की तैयारियां कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक कपूर और भट्ट परिवार ने शादी की तैयारियां शुरू कर दी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, %कहा जा रहा है कि आलिया-रणबीर रणथम्भौर में शादी करेंगे क्योंकि दोनों यहीं पर सबसे ज्यादा छुट्टियां मनाने गए हैं और ये उनकी पसंदीदा जगह है।%

## रणबीर की गर्लफ्रेंड कटरीना की शादी

मालूम हो कि रणबीर कपूर की एक्स गर्लफ्रेंड कटरीना कैफ ने भी रणथम्भौर में ही विकी कौशल से शादी की थी। कटरीना कैफ और विकी कौशल की शादी सवाई माधौपुर के Si& Senses resort Fort Barwara में हुई थी। हालांकि बॉलीवुड लाइफ ने अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया है कि कपल ने डेस्टिनेशन वेडिंग की बजाए वैकेशन वेडिंग करने का फैसला किया है।

### मुंबई में शादी करेंगे आलिया-रणबीर

इस रिपोर्ट के मुताबिक रणबीर कपूर और आलिया भट्ट मुंबई में ही शादी करेंगे। अपने परिवार और कुछ करीबी दोस्तों की मौजूदगी में कपल शादी करेगा। खबर के मुताबिक रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने एक आलीशान शादी करने की बजाए इसे कुछ करीबी लोगों की मौजूदगी में इमोशन्स के हिसाब से स्पेशल बनाने का फैसला किया है। मालूम हो कि रणबीर कपूर और आलिया भट्ट दोनों ही अपनी निजी जिदंगी को लेकर काफी रिजर्व हैं।

### ब्रह्मास्त्र की रिलीज के बाद होगी शादी?

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट जल्द ही फिल्म ब्रह्मास्त्र में काम करते नजर आएंगे। पर्दे पर साथ में ये उनकी पहली अपीयरेंस होगी। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की फिल्म ब्रह्मास्त्र का पहला मोशन पोस्टर पिछले दिनों रिलीज किया गया था और इवेंट में अयान ने बताया था कि वह इस कपल को पहली बार अपनी फिल्म में ही साथ में दिखाना चाहते हैं। बता दें कि फिल्म की रिलीज सितंबर में रखी गई है ऐसे में एक कयास ये भी लगाया जा रहा है कि शादी सितंबर के बाद होगी।

# लता दीदी के डॉक्टर ने बताई उनके आखिरी वक्त की बातें, बोले- मुस्कुरा रही थीं

**लता मंगेशकर अब हमारे बीच नहीं। बस उनसे जुड़ी यादें रह गई हैं। लता मंगेशकर के आखिरी वक्त पर उनका इलाज डॉक्टर प्रतीत समदानी कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वह इलाज के लिए कभी आनाकानी नहीं करती थीं। उनको जो भी जरूरी ट्रीटमेंट बताया जाता, हमेशा तैयार रहती थीं।**

डॉक्टर ने लता मंगेशकर के आखिरी वक्त के बारे में भी बताया। लता मंगेशकर को जनवरी में कोविड हुआ था। करीब 1 महीने इलाज के बाद उनका 6 फरवरी को निधन हो गया। डॉक्टर प्रतीत ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल से हैं। लता मंगेशकर का इलाज वहीं चल रहा था।



### बिगड़ती जा रही थी तबीयत

डॉक्टर प्रतीत समदानी लता मंगेशकर का बीते 3 साल से इलाज कर रहे थे। उन्होंने बताया, जब भी लताजी की तबीयत बिगड़ती, मैं उनका इलाज कर रहा था। लेकिन इस बार उनकी तबीयत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही थी। हमने अपनी कोशिश जारी रखी लेकिन उन्हें बचा नहीं सके।


### बराबरी से हो सबकी देखभाल

डॉक्टर ने बताया कि जब वह ऐडमिट होतीं तो हमेशा कहती थीं, सबकी देखभाल बराबरी से होनी चाहिए। साथ ही उनको जो भी ट्रीटमेंट दिया जाता उसके लिए तैयार रहती थीं कभी मना नहीं करती थीं।

### आखिरी वक्त पर भी थी मुस्कुराहट

लता के साधारण व्यक्तित्व के बारे में डॉक्टर समदानी ने बताया, मैं हमेशा उनकी मुस्कुराहट याद रखूंगा। आखिरी वक्त पर भी उनके चेहरे पर मुस्कुराहट थी। बीते कुछ वक्त से उनकी हेल्थ ठीक नहीं थी तो वह ज्यादा लोगों से मिल नहीं पा रही थीं। जब से मैं उनका इलाज कर रहा था, लता दीदी बहुत कम बोल पाती थीं। हालांकि इस बार ऊपरवाले का कुछ और ही प्लान था और वह हमें हमेशा के लिए छोड़कर चली गईं।

# बेटे अरहान के साथ एयरपोर्ट पर दिखे अरबाज और मलाइका, फैंस को लगा-झगड़ा हो रहा है



बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान को एक दूसरे से अलग हुए काफी समय हो गया है, लेकिन अपने बेटे अरबाज की परवरिश दोनों मिलकर करते हैं। भले ही दोनों अलग हो गए हों, लेकिन लेकिन अपने बेटे को लिए हमेशा साथ खड़े रहते हैं। इसी वजह से दोनों को अक्सर एक साथ स्पॉट किया जाता है। इस समय सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने बेटे अरहान को मुंबई एयरपोर्ट छोड़ने पहुंचे। इस वीडियो में मलाइका और अरबाज को आपस में कुछ बात करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो देखने के बाद फैंस तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं।

### फैंस बोले झगड़ा-

विरल भयानी पेज से जो वीडियो शेयर किया गया है उसमें मलाइका अरबाज और उनके बेटे अरहान को एयरपोर्ट पर देखा जा सकता है, तीनों ने मास्क भी लगाया हुआ है। जहां अरहान किसी दोस्त से मिलते नजर आ रहे हैं तो वहीं अरबाज और मलाइका के बीच कुछ बात हो रही है। इस वीडियो को देखने के बाद एक यूजर ने प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, झगड़ा....तो वहीं दूसरे ने लिखा, मलाइका अर्जुन से ज्यादा अरबाज के साथ अच्छी लगती है। फैंस इसी तरह से अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। शेयर किए जाने के बाद इस वीडियो पर डेढ़ लाख से भी ज्यादा लाइक आ चुके हैं। इस समय मलाइका अपने और अर्जुन के रिश्ते को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। वह काफी समय से उन्हें डेट कर रही हैं।

### विदेश में अपने पढ़ाई कर रहे हैं अरहान-

आपके बता दें कि इस समय मलाइका और अरबाज का बेटे अरहान विदेश में अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। हाल ही में जब अरहान छुट्टियों में वापस आए थे, तब भी मलाइका और अरबाज उन्हें लेने मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे थे।



# टीवी एक्ट्रेस टीना दत्ता हुई बोल्ड, टेबल पर लेटकर दिए कातिलाना पोज

### टीवी एक्ट्रेस टीना दत्ता हुई बोल्ड, टेबल पर लेटकर दिए कातिलाना पोज, Photos पर अटकी फैंस की निगाहें

टीवी एक्ट्रेस टीना दत्ता को सीरियल %उतरन% से घर-घर में पहचान मिली। इस शो में टीना ने %इच्छा% का किरदार निभाया था। जिसने दर्शकों के दिलों में अलग छाप छोड़ दी। अब भी अभिनेत्री लाइमलाइट में रहती है। लेकिन अब एक्टिंग से ज्यादा अपनी बोल्ड फोटोज और वीडियो के कारण। टीना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अक्सर ऐसी तस्वीरें पोस्ट करती हैं, जो देख फैंस क्रेजी हो जाते हैं।

### इंस्टाग्राम पर शेयर किए फोटोज

हाल ही में टीना दत्ता ने इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज शेयर किए हैं। जिसमें वह टेबल पर लेटकर कातिलाना पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीरों में टीना टेबल पर हाथ के बल पूरे शरीर को टिकाई हुई हैं। अभिनेत्री सभी पोज में बेहद सेक्सी और ग्लैमरस दिख रही हैं।

### फैंस कर रहे पसंद

टीना दत्ता ने टेबल पर लेटकर भी पोज दिए हैं। फोटो में एक्ट्रेस येलो कलर की बेली पहने हुए हैं। जिसके साथ ग्रीन कलर की लॉग स्कर्ट और क्रॉप टॉप कैरी किया है। अपने लुक को पूरा करने के लिए एक्ट्रेस ने नेकसेल और हाई पोनी की हुई है। टीना के फोटोशूट को फैंस पसंद कर रहे हैं। खबर लिखे जाने तक पोस्ट को 8 हजार से ज्यादा यूजर्स लाइक कर चुके थे।

### रेस्टोरेंट से चुराई थी चीनी

इससे पहले एक्ट्रेस का एक वीडियो काफी वायरल हुआ था। वीडियो में टीना दत्ता रेस्टोरेंट में चीनी चुराते नजर आई थीं। वीडियो में देख सकते हैं कि अभिनेत्री चाय का पीती हैं। इसके बाद मुस्कुराते हुए चीनी के पैकेट को बैग में चुपके से रख लेती हैं। टीना ने वीडियो के कैप्शन में लिखा कि मैं ऐसा बिल्कुल भी नहीं करती, लेकिन अगर आप ऐसा करते हैं तो हंस सकते हैं।



# करिश्मा तन्ना ने अपनी शादी के रिसेप्शन पर किया बोल्ड डांस, Video हुआ वायरल

**टीवी इंडस्ट्री में शादियों का मौसम चल रहा है। एक के बाद एक एक्ट्रेस वेडिंग कर रही हैं। श्रद्धा आर्या, मौनी रॉय के बाद अब करिश्मा तन्ना शादी के बंधन में बंध गई है। करिश्मा ने 5 फरवरी को अपने बॉयफ्रेंड वरुण बंगेरा से शादी कर ली है। तन्ना और बंगेरा की शादी मुंबई में हुई।**

इस विवाह में कई सेलेब्स शामिल हुए थे। अभिनेत्री ने खुद फोटोज शेयर कर फैंस को गुड न्यूज दी है। अब उनके रिसेप्शन का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें करिश्मा तन्ना फिल्म पुष्पा के सॉन्ग %ओ ओ अंटावा% पर डांस करती नजर आई। इस वीडियो को फैंस जमकर पसंद कर रहे हैं।

### डीप नेक वन पीस ड्रेस में आई नजर

करिश्मा तन्ना वीडियो में गोल्डन कलर के डीप नेक वन पीस ड्रेस में नजर आई। उन्होंने बाल खुले रखे हैं। वह जमकर डांस करती दिखाई दी। करिश्मा का यह वीडियो इंस्टाग्राम पर जमकर वायरल हो रहा है। फैंस इसपर जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। कई यूजर्स ने दिल और आग की इमोजी भी शेयर की है।

### शादी में पहना पेस्टल पिंक लहंगा

करिश्मा तन्ना ने अपनी शादी पर पेस्टल पिंक कलर का लहंगा पहना था। जिसके साथ हैवी ज्वैलरी कैरी की। दुल्हन बनी करिश्मा बहुत खूबसूरत लग रही थीं। वहीं करिश्मा और वरुण का एक और प्यारा वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वरुण बंगेरा करिश्मा को सिंदूर लगाते हुए नजर आ रहे हैं।

### बिजनेसमैन हैं वरुण बंगेरा

बता दें करिश्मा तन्ना और वरुण बंगेरा लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। वरुण एक बिजनेसमैन हैं। दोनों की मुलाकात एक कॉमन फ्रेंड के जरिए हुई थी।

**कोरोना जैसी महामारी में अपने पुराने दिनों को याद करना किसी मेडिटेशन से कम नहीं हो सकता। फिर चाहे वो पुरानी तस्वीरों को देखना हो या फिर एक ऐसा टीवी शो देखना जो आपको आपके खुशी भरे पलों की याद दिलाता हो। लॉकडाउन के दौरान टीवी चैनलों ने अपने पुराने सीरियलों का प्रसारण इसी कारण से शुरू किया था। अगर आप टीवी की दुनिया के क्लासिक शोज को दोबारा देखना चाहते हैं तो हमारी बनाई गई इस लिस्ट पर नजर जरूर डालें, जिन्हें आप कभी भी ऑनलाइन स्ट्रीम कर सकते हैं।**

# 90 के दशक में सुपरहिट थे ये टीवी शोज




## ओटीटी पर भी कर सकते हैं स्ट्रीम

### शक्तिमान(1997)

भारत के सबसे पहले सुपरहीरो शो का प्रीमियर 1997 में हुआ था और यह शो डीसी कॉमिक्स के सुपरमैन से काफी प्रेरित था। किसी दूर के ग्रह से पृथ्वी पर उतरने वाले एक एलियन होने के बजाय, शक्तिमान ने ध्यान और प्रकृति के पांच तत्वों- अंतरिक्ष, पृथ्वी, वायु, जल और अग्नि के माध्यम से अपनी शक्तियों को प्राप्त किया था। आप एक बार फिर अपने शक्तिमान को अमेजन प्राइम वीडियो पर ऑनलाइन देख सकते हैं। देख भाई देख(1993)

यह पॉपुलर शो दीवान परिवार की तीन पीढ़ियों के मिसएडवेंचर्स को दिखाता है। वह सभी एक पुश्तैनी बंगले में एक साथ रहते हैं। इस शो के हर एक एपिसोड में ये परिवार एक अनूठी समस्या से निपटता है, जो उनके रिश्तों या परिवार से जुड़ी होती हैं। इसमें शेखर सुमन, नवीन निश्चल, फरीदा जलाल, सुषमा सेठ और देवेन भोजानी जैसे कई टीवी कलाकार दिखाई दिए थे। इस शो को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं।

### खिचड़ी(2010)

खिचड़ी एक पागल गुजराती परिवार की कहानी है। इस पारेख परिवार में इतने प्रतिष्ठित पात्र थे कि उनके तकिया कलाम देश भर में स्थानिय भाषा का हिस्सा बन गए थे। हमेशा गुस्से में रहने वाले ससुर से लेकर प्रफुल और हंसा जैसे प्यारे कपल तक को आप डिज्नी+हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

### सारा भाई वर्सेस सारा भाई(2004)

यह शो एक उच्च वर्गीय गुजराती परिवार के जीवन के इर्द-गिर्द घूमता है, जो दक्षिण मुंबई में एक पॉश अपार्टमेंट में रहता है। यह शो अपने यादगार किरदारों और सरल कहानी के साथ रिलीज होने के तुरंत बाद बेहद लोकप्रिय हो गया था। इस शो को भी आप सभी लोग डिज्नी+हॉटस्टार पर देख सकते हैं।



### फौजी(1989)

यह वह शो है जिसने 1989 में शाहरुख खान को दुनिया के सामने पेश किया। जैसा कि शीर्षक से पता चलता है, शो भारतीय सैनिकों की ट्रेनिंग पर आधारित है। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।

### ब्योमकेश बक्शी (1993)

इस शो में जासूस ब्योमकेश बक्शी और उनके साथी अजीत कुमार बनर्जी के कारनामों को दिखाया गया है। इसने अभिनेता रजित कपूर से एक स्टार बना दिया, जिन्होंने ब्योमकेश बक्शी का किरदार निभाया था। इस पर साल 2015 में सुशांत सिंह राजपूत ने एक फिल्म भी की थी, जिसका नाम %डिटेक्टिव ब्योमकेश बक्शी% था। इस शो को आप यूट्यूब पर स्ट्रीम कर सकते हैं।

### ऑफिस ऑफिस(2001)


साल 2001 में आए इस शो में भारत सरकार के कार्यालयों और उनमें होते भ्रष्टाचार को हास्यापद तरीके से दिखाया था। इसमें मुसद्दीलाल (पंकज कपूर) और एक अक्षम नौकरशाही प्रणाली के बीच संघर्षों को दिखाया गया था। इसे आप सोनी लिव पर देख सकते हैं।

### सर्कस(1989)

दुनिया की सबसे लोकप्रिय हस्तियों में से एक बनने से बहुत पहले, शाहरुख खान शो सर्कस का हिस्सा थे। शाहरुख ने एक ऐसे युवक की भूमिका निभाई, जिसे अपने सर्कस का प्रबंधन करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है जो उसे अपने पिता से विरासत में मिला है। इसमें रेणुका शहाणे, आशुतोष गोवारिकर और मकरंद देशपांडे ने भी अभिनय किया। इसे यूट्यूब पर देखा जा सकता है।

### बुनियाद (1986)

यह भारत के सबसे पुराने सोप ओपेरा में से एक है और ये शो हवेलीराम के जीवन को दिखाता है। इसमें उन्हें विभाजन और स्वतंत्रता के बाद हुई घटनाओं से निपटते हुए दिखाया गया है। इसे शोले के डायरेक्टर रमेश सिप्पी ने डायरेक्ट किया था। उस समय के जीवन के लगभग प्रामाणिक चित्रण के लिए शो की अभी भी सराहना की जाती है। इसे आप यूट्यूब पर देख सकते हैं।







### हम पांच (1995)

यह शो आनंद माथुर के इर्द-गिर्द घूमता है, जो अपनी पत्नी और पांच विलक्षण बेटियों के साथ रहता था। यह व्यापक रूप से देश में सबसे लोकप्रिय हिंदी सिटकॉम में से एक माना जाता है। इस शो से विद्या बालन ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी।

# नर्मदा घाटों में उत्सव का माहौल



**नर्मदा जयंती की व्यवस्था देखने ग्वारीघाट पहुंचे कलेक्टर**

जबलपुर, । नर्मदा प्राकट्योत्सव को लेकर शहर के सभी नर्मदा घाटों में उत्सव का माहौल है। सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया है। यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर इलैया राजा टी ग्वारीघाट पहुंचे। इस दौरान निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के अलावा जिला प्रशासन और नगर निगम के आला अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने यहां पहुंचकर यातायात व्यवस्था से लेकर श्रद्धालुओं के आने-जाने वाले रास्तों को देखा। इसके अलावा उन्होंने लोगों की भीड़ को नियंत्रण करने और दुकानों को एक निश्चित दायरे में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं से बात भी की। **फोटो- बबलू**

# एक और कुख्यात एनएसए में बंधा

**जबलपुर, यशभारत।** गोराबाजार के कुख्यातआरोपी तारा यादव को पुलिस ने एनएसए के वारंट में गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया गया। तारा यादव के खिलाफ 11 गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज है। आरोपी गोलीकांड सहित अनेक वारदातों को अंजाम दे चुका है। जानकारी अनुसार थाना प्रभारी गोराबाजार सहदेव राम साहू ने बताया कि तारा यादव पिता राजेन्द्र प्रसाद यादव उम्र 27 वर्ष निवासी शिवपुरी कजरवारा गोराबाजार का एक अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जो वर्ष 2016 से लगातार अपराध घटित किये जा रहा है, जिसके विरूद्ध 11 अपराध हत्या का प्रयास, घर में घुसकर मारपीट तोडफोड़, आर्म्स एक्ट के पंजीबद्ध होकर न्यायालय में विचाराधीन है। जिसके विरूद्ध समय समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जिला बदर एवं एन.एस.ए. की कार्यवाही की गयी है ।

## गोलीकांड की वारदात को दिया था अंजाम

पुलिस ने बताया कि तारा यादव ने बिलहरी स्थित पाठक पैट्रोलपंप के पीछे योगेश उर्फ कुक्की रैदास निवासी बिलहरी पर अपने साथियों के साथ गोली चलाई थी, जिसके बाद गोराबाजार में मामला कायम किया गया था। वहीं, आरोपी मौके से फरार था। पुलिस ने बताया कि तारा यादव अपनी आदतों में सुधार न लाकर लगातार अपराध घटित किये जा रहा था, जिसके चलते पूरे समाज को खतरा उत्पन्न हो सकता है। जिसके बाद पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा उपरोक्त आरोपी के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया। आदेश के परिपालन में दिये गये निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल खाण्डेल एवं नगर पुलिस श्रीमति भावना मरावी के मार्गदर्शन में शातिर बदमाश तारा यादव के खिलाफ एन.एस.ए. का प्रकरण तैयार कर जिला दण्डाधिकारी जबलपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिला दण्डाधिकारी जबलपुर डॉ. इलैयाराजा टी के द्वारा आरोपी की आपराधिक गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुये एन.एस.ए. के तहत गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुये केन्द्रीय जेल जबलपुर में निरूद्ध कराये जाने हेतु आदेशित किये जाने पर शातिर बदमाश तारा यादव को जारी एन.एस.ए. के वारंट एवं थाना गोराबाजार के अपराध में गिरफ्तार करते हुए आज केन्द्रीय जेल जबलपुर में निरूद्ध कराया गया है।


**नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**





विवेक अवस्थी
संयोजक- राजीव गांधी पंचायत राज संगठन



वरुन शर्मा



विवेक भोसले



कमला प्रसाद पटेल



जय दुबे


# बाइक सवारों को बस ने मारी टक्कर, एक मौत

जबलपुर, यशभारत। सिहोरा के मझौली वायपास में सोमवार को रिश्तेदारी में आए बाइक सवारों को एक बेकाबू बस ने रौंद दिया। हादसे के दौरान बाइक सवार वाहन समेत रोड के दूसरे ओर जा गिरे। वहीं, घटना के बाद आरोपी बस चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। जिसके बाद मची चीख-पुकार के बीच दोनों घायल युवकों को सिहोरा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने बाइक सवार युवक को मृत घोषित कर दिया, वहीं दूसरे को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी अनुसार सुरेन्द्र यादव 36 वर्ष निवासी पटीराजा बाकल जिला कटनी ने पुलिस को बताया कि अपने भाई नरेन्द्र यादव एवं गांव के कौशल लोधी, बेड़ीलाल उर्फ कष्णा झारिया के साथ सिहोरा में रिश्तेदारी में आये थे, सिहोरा से वापस लौटते समय उसकी बाइक को बस ने टक्कर मार दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया।

# पत्रकार अजय शुक्ला का निधन



**जबलपुर।** राइट टाउन जबलपुर निवासी नवभारत में पूर्व में पदस्थ पत्रकार श्री अजय शुक्ला का नागपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया। आप अशोक शुक्ला के भाई ,पवन शुक्ला एवं गगन शुक्ला के चाचा थे । अंतिम संस्कार सुबह 10 बजे लम्हेटाघाट में किया गया। यशभारत परिवार की ओर से श्रद्धांजलि।


**नर्मदे हर मां नर्मदा प्रकट उत्सव जयंती पर सभी संस्कारधानी वासियों को हार्दिक बधाई**




**निवेदक**

मां नर्मदा भक्त एवं समाजसेवी दिलीप भारती की ओर समस्त संस्कारधानीवासियों को आज इस सुअवसर पर परमहंस आश्रम के पीछे लम्हेटाघाट पधार कर हवन पूजन भंडारा एवं गुजरात की प्रसिद्ध भजन गायिका गीता बेन राबरी के द्वारा भजनों का आनंद लेने हेतु आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मध्यप्रदेश शासन

# नर्मदा जयंती

## निर्झरणी महोत्सव



श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



श्री शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री

माँ नर्मदा की लोक आस्था का पर्व — 8 फरवरी 2022, सायं 6.30 बजे से

**नर्मदा मंदिर परिसर, अमरकंटक (अनूपपुर)**
निषादराज गुहा वनवासी लीला नाट्य प्रस्तुति
निर्देशक- गुरु श्रीप्रसन्नदास जी • संगीत संयोजन- श्री मिलिन्द त्रिवेदी • आलेख- श्री योगेश त्रिपाठी
गोण्डः गुदुमबाजा नृत्य- शिवप्रसाद धुर्वे एवं साथी- अनूपपुर
गोण्डः करमा-सैला नृत्य- लामूलाल धुर्वे एवं साथी- अनूपपुर
बैगाः परधौनी-करमा नृत्य- दिलीप कुमार एवं साथी- डिण्डोरी
चित्र प्रदर्शनियाँ वनवासी लीलाएँ - निषादराज गुहा- नाथद्वारा शैली, राजस्थान
शास्वत- गोण्ड समुदाय में प्रचलित नर्मदा कथा के चित्र

**शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, डिण्डोरी**
भक्तिमति शबरी वनवासी लीला नाट्य प्रस्तुति
निर्देशक- गुरु श्री निर्मलदास जी • संगीत संयोजन- श्री मिलिन्द त्रिवेदी • आलेख- श्री योगेश त्रिपाठी
गोण्डः करमा सैला नृत्य- जियालाल एवं साथी- डिण्डोरी
बैगाः करमा नृत्य- अर्जुन सिंह धुर्वे एवं साथी- डिण्डोरी
गोण्डः गुदुमबाजा नृत्य- मायाराम धुर्वे एवं साथी- डिण्डोरी
चित्र प्रदर्शनियाँ
वनवासी लीलाएँ - भक्तिमति शबरी- चेरियालपट्म शैली, आंध्रप्रदेश
शास्वत- गोण्ड समुदाय में प्रचलित नर्मदा कथा के चित्र

**रपटा घाट, मण्डला**
अवधी गायन- पद्मश्री मालिनी अवस्थी- लखनऊ
बैगाः करमा नृत्य- सोनसाय बैगा एवं साथी- मण्डला
गोण्डः सैला-रीना नृत्य- बलबीर सिंह एवं साथी- मण्डला
चित्र प्रदर्शनियाँ शास्वत- गोण्ड समुदाय में प्रचलित नर्मदा कथा के चित्र

**भेड़ाघाट, जबलपुर**
नर्मदाः नृत्य-नाटिका- सुश्री वैशाली गुप्ता एवं साथी- भोपाल
भक्ति गायन- सुश्री लक्ष्मी दुबे एवं साथी- जबलपुर
लोकगायन- राजाकरण पटेल एवं साथी- सागर

**नागर घाट, नेमावर (देवास)**
नर्मदाः नृत्य-नाटिका- सुश्री अर्चना कुमार एवं साथी- भोपाल
नर्मदा केन्द्रित गायन- सुनील शुक्रवारे एवं साथी- भोपाल
लोकगायन- अभिषेक सेन एवं साथी- सागर

**बरमान घाट, नरसिंहपुर**
नर्मदाः नृत्य-नाटिका- सुश्री कीर्ति प्रमाणिक एवं साथी- उज्जैन
भक्ति गायन- सुश्री मुस्कान चौरसिया एवं साथी- बालाघाट
लोकगायन- आशीष श्रीवास्तव एवं साथी- सागर

**सेठानी घाट, नर्मदापुरम्**
नर्मदाः नृत्य-नाटिका- सुश्री लता सिंह मुंशी एवं साथी- भोपाल
नृत्य-नाटिका एवं गायन- कपिल शर्मा एवं साथी- भोपाल

**शिवकुंज आशाग्राम, बड़वानी**
कला यात्रा
ओडिसी नृत्य- सुश्री अनुषा जैन एवं साथी- इंदौर
अमृतस्य नर्मदा नृत्य-नाटिका नृत्य निर्देशन- माधव बारीक

**रामघाट, मंडलेश्वर- खरगोन**
कला यात्रा
अमृतस्य नर्मदा नृत्य-नाटिका
नृत्य निर्देशन- सुश्री सुचित्रा हरमलकर, इंदौर

**पुलिस ग्राउण्ड, डही- धार**
कला यात्रा
अमृतस्य नर्मदा नृत्य-नाटिका निर्देशन- संजय महाजन- बड़वाह
भक्ति गायन- राजेश सांखला- इंदौर
कथक समूह नृत्य- सुश्री नीलांगी कलंत्रे- जबलपुर

**ममलेश्वर गौमुख घाट, ओंकारेश्वर**
धन्य नर्मदे- सुश्री पलक पटवर्धन एवं साथी- उज्जैन
नर्मदा स्तुति एवं मालवी गायन - सुश्री सुषमा व्यास एवं साथी- उज्जैन
नर्मदा स्तुति एवं निमाड़ी गायन - सुश्री मनीषा शास्त्री एवं साथी- महेश्वर

D-11116



नोट
सभी स्थानों पर माँ नर्मदा की आरती, दीपदान एवं फिल्म प्रदर्शन
फिल्म - जीवन रेखा- अवधि : 40 मिनिट | राग ऑफ रिवर नर्मदा- अवधि : 11 मिनिट
परिकल्पना, छायांकन एवं निर्देशन- राजेन्द्र जांगले

**नदियाँ हमारी माँ हैं, इन्हें प्रदूषित न करें।**

* कोरोना संक्रमण के लिए जारी दिशा-निर्देशों का पालन आवश्यक होगा
* दो गज दूरी–मास्क है जरूरी

आयोजन- मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग | सहयोग- जिला प्रशासन, अनूपपुर, डिण्डोरी, मण्डला, जबलपुर, देवास, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम्, बड़वानी, खरगोन, धार एवं खण्डवा

आप सभी सादर आमंत्रित हैं • प्रवेश निःशुल्क

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )